दैनिक हिन्दी अख़बार

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

# सच बेधड़क

जयपुर, शनिवार, 15 जून, 2024 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष- नवमी, विसं 2081 | वर्ष: 3 | अंक: 186 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



## मुख्यमंत्री का महिला सशक्तीकरण की दिशा में बड़ा फैसला

# तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं को 50फीसदी आरक्षण

### 6 माह में 16 हजार पदों पर दीं नियुक्तियां

सीएम भजनलाल शर्मा ने भर्ती परीक्षा की समीक्षा बैठक में 8 जून को कहा था कि उनकी सरकार ने कुछ ही महीनों के कार्यकाल में अब तक विभिन्न विभागों में साढ़े 16 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी हैं। 29 जून को राज्य के विभिन्न विभागों में 7 हजार से अधिक पदों पर हुई भर्ती परीक्षाओं के सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। कार्मिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव हेमंत गेरा ने बताया था कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक 41 हजार 413 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा चुके हैं। 11 हजार 633 पदों पर परीक्षा आयोजित करवाई जा चुकी है।

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने संकल्प-पत्र में किए गए एक और महत्वपूर्ण वादे को पूरा किया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया। सीएम ने राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस फैसले से महिलाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे। वे आत्मनिर्भर होकर और सशक्त बन सकेंगी। सीएम भजनलाल शर्मा ने अपने कार्यकाल के छह महीने पूरे होने के उपलक्ष्य में यह बड़ी घोषणा की है।

भजनलाल शर्मा ने 15 दिसंबर 2023 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। शनिवार को उनके कार्यकाल के 6 माह पूरे हो जाएंगे। प्रदेश में ग्रेड थर्ड टीचर के करीब 27 हजार पद खाली पड़े हैं। आने वाले बजट में भजनलाल सरकार इन पदों पर भर्ती की घोषणा कर सकती है। नई भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। इससे अधिक महिलाएं भर्ती में चयनित हो सकेंगी।

## JJM घोटाले में ED का बड़ा एक्शन...

### ठेकेदार पदमचंद जैन को किया अरेस्ट

# बेटे के बाद अब बाप उगलेगा कई राज

### कोर्ट ने 18 तक ईडी की रिमांड पर भेजा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जल जीवन मिशन योजना को लागू करने में कथित अनियमितताओं से संबंधित धनशोधन जांच के सिलसिले में एक नई गिरफ्तारी की है। ईडी ने जल जीवन मिशन घोटाले में पीएचईडी के ठेकेदार पदमचंद जैन को गिरफ्तार कर लिया।

इससे पहले ईडी ने घोटाले के पैसे ठिकाने लगाने वाले पदमचंद के बेटे पीयूष जैन को भी अरेस्ट किया था। गिरफ्तार पीएचईडी ठेकेदार को ईडी ने शुक्रवार को पीएमएलए मामलों की विशेष अदालत में पेश किया, जहां से 18 जून तक ईडी की रिमांड पर भेज दिया गया।

अब ईडी के अधिकारी उससे जल जीवन मिशन में धन के अवैध लेन देन और भ्रष्टाचार के मामले में पूछताछ कर मामले की कड़ियां जोड़ने का प्रयास करेगी। पदमचंद जैन के बेटे पीयूष जैन को ईडी ने इस साल फरवरी के अंत में गिरफ्तार किया था।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने इस मामले में पूर्व पीएचईडी मंत्री महेश जोशी के घर पर भी तलाशी ली थी। इसके अलावा महेश मित्तल, संजय बड़ाया, कल्याण सिंह कविया, विशाल सक्सेना, मायालाल सैनी, पदमचंद जैन, सुरेश शर्मा और अभिताभ कौशिक के ठिकानों पर भी तलाशी ली थी। जांच और पूछताछ के बाद ईडी ने महेश जोशी को पूछताछ के लिए भी बुलाया था।



**ACB ने इंजीनियर्स को घूस लेते पकड़ा था:** जल जीवन मिशन में गड़बड़ी का खुलासा तब हुआ जब पिछले साल 6 अगस्त को एसीबी ने पीएचईडी के एक्सईएन मायालाल सैनी और जेईएन प्रदीप कुमार को ठेकेदार पदमचंद जैन से 2.20 लाख रुपए की घूस लेते पकड़ा था। इस कार्रवाई में अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया था। बाद में सामने आया कि फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर 900 करोड़ रुपए के टेंडर लिए गए हैं। इसके साथ ही हरियाणा से चोरी के पाइप बिछाने का भी खुलासा हुआ था।

## जरूरी खबर

### राम का विरोध करने वाले हुए सत्ता से बेदखल: इंद्रेश



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा की खराब परफॉर्मेंस को लेकर आरएसएस के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने भाजपा पर कटाक्ष के बाद अब इस पर सफाई दी है। इंद्रेश कुमार ने कहा कि इस समय देश का माहौल बिल्कुल साफ है। भगवान राम का विरोध करने वाले सत्ता से बाहर हैं और जिन्होंने भगवान राम की भक्ति का संकल्प लिया था, वे आज सत्ता में हैं। वरिष्ठ आरएसएस नेता ने भरोसा जताया कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है और उनके नेतृत्व में देश तरक्की करेगा। इससे पहले इंद्रेश कुमार ने इशारों-इशारों में बीजेपी को अहंकारी करार दिया था। उन्होंने कहा कि देश नए नेतृत्व के साथ अपनी नई मंजिल और नए आयाम देखना चाहता है। भगवान ने नरेंद्र मोदी और भाजपा-एनडीए को इस देश को तेजी से आगे ले जाने का अवसर दिया है।

## आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की धमकी

# बम से उड़ा देंगे राम मंदिर अयोध्या में बढ़ाई सुरक्षा

**एजेंसी** | अयोध्या

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बने राम मंदिर को आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने बम से उड़ाने की धमकी दिए जाने के बाद अयोध्या अलर्ट मोड पर आ गई है। वहीं राम मंदिर में निगरानी बढ़ा दी गई है। राम मंदिर समेत महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट की भी सुरक्षा में इजाफा किया गया है।

एसएसपी राजकरण नय्यर ने शुक्रवार को महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम की सुरक्षा पहले से ही कड़ी है। यहां की सुरक्षा व्यवस्था को विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित करते हुए सीनियर राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया है। विभिन्न जोन में सुरक्षाकर्मी पहले से ही तैनात हैं। श्रीराम मंदिर परिसर में बने सभी पॉकेट में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। इसके अलावा शहर के अन्य सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और संस्थानों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरे से चप्पे चप्पे की निगरानी की जा रही है। जिला पुलिस के अलावा पीएसी के भी कई कंपनियां हुई हैं। एटीएस कमांडो भी पहले से निगरानी कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन कैमरों की मदद से रियल टाइम इनपुट जेनरेट होता है और इसके आधार पर जरूरी इंतजाम व तैयारियां की जाती है।



### खुफिया तंत्र अलर्ट...

यह ऑडियो संज्ञान में आने के बाद सुरक्षा एवं खुफिया तंत्र सर्तक है। राम मंदिर सहित उससे सटे संपर्क मार्ग एवं प्रमुख प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वर्ष 2005 में राम जन्मभूमि परिसर पर हुए आतंकी हमले में इसी संगठन का नाम सामने आया था। जैश राम जन्मभूमि को लेकर लगातार जहर उगलता रहा है। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व भी इस आतंकी संगठन ने धमकी दी थी।

### धमकी भरा ऑडियो वायरल

आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने रामजन्मभूमि को लेकर एक बार फिर जहर उगला है। जैश ने राम मंदिर को उड़ाने की धमकी दी है। इसे लेकर धमकी भरा ऑडियो भी वायरल किया गया है। वायरल ऑडियो में आमिर नाम के जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ने मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी है। उसे कहते सुना जा रहा है कि हमारी मस्जिद को हटाकर मंदिर बनाया गया है। अब इसे बम से उड़ा दिया जाएगा। आतंकी कह रहा है कि हमारे तीन साथी कुर्बान हुए हैं और अब इस मंदिर को गिराना ही होगा।

## मंत्री बनने के बाद पहली बार आज अजमेर आएंगे भागीरथ चौधरी

**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी के मंत्री बनने के बाद पहली बार शनिवार को अजमेर आएंगे। इस दौरान रास्ते में करीब डेढ़ दर्जन स्थानों पर उनका स्वागत किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री मीडिया और किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी शनिवार को सड़क मार्ग से दिल्ली से अजमेर के लिए रवाना होंगे। नीमराना, बहरोड़, पावटा, कोटपूतली, शाहपुरा, मनोहरपुर, चंदवाजी बाइपास, 200 फीट बाइपास जयपुर, भांकरोटा, बगरू, महला, मोखमपुरा, दूदू, पडसौली, बांदरसिंदरी, पाटन, किशनगढ टोल प्लाजा, हरमाड़ा चौराहा किशनगढ़ एवं अजमेर में किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की ओर से जनसभा और स्वागत समारोह होंगे। केंद्रीय मंत्री सुबह छह बजे दिल्ली से रवाना होंगे और शाम को पुष्कर पहुंचेंगे। पुष्कर में ब्रह्मा मंदिर में दर्शन के बाद वे कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इसके बाद सुरसुरा में वीर तेजाजी मंदिर में दर्शन कर किशनगढ़ स्थित आवास पहुंचेंगे।



## CBI जांच की याचिका पर SC का केंद्र को नोटिस



**एजेंसी** | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मेडिकल स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए पांच मई को आयोजित की गई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) 2024 के प्रश्नपत्र कथित तौर पर संबंधित परीक्षा के दौरान सार्वजनिक होने के मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) से जांच की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने हितेन सिंह कश्यप की याचिका पर एनटीए को दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिए हैं। इस मामले में आठ जुलाई को अगली सुनवाई होगी।

(पेज 5 भी देखें)

## ट्रेन में आग की अफवाह से मची भगदड़, चार की मौत



**एजेंसी** | लातेहर

झारखंड में एक दर्दनाक ट्रेन हादसा सामने आया है। यहां के धनबाद रेल मंडल के बरवाडीह-बरकाकाना रेलखंड के कुमंडीह स्टेशन पर शुक्रवार रात रेल हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि एक दर्जन लोगों के घायल होने की भी सूचना है। कुमंडीह स्टेशन पर अप लाइन में रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस खड़ी थी। इसी दौरान किसी ने अफवाह फैला दी कि ट्रेन में आग लग गई। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन में बैठी सवारी इधर-उधर भागने लगी। डाउन लाइन से एक मालगाड़ी गुजर रही थी। इसकी चपेट में आने से चार यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

## भारतीय सेना को मिला आत्मघाती ड्रोन


# दुश्मन के घर में घुसकर 'दंश' देगा 'नागास्त्र

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय सेना लगातार अपने बेड़े को मजबूत कर रही है। जल्द ही विशेष प्रकार का मानव रहित ड्रोन मिलने से भारतीय सेना की ताकत कई गुना बढ़ने वाली है। इस मानव रहित हवाई यान का नाम 'नागास्त्र' है, जो कि भारतीय सेना के लिए किसी ब्रह्मास्त्र से कम नहीं होगा। नागपुरकी एक कंपनी ने भारत में तैयार पहला स्वदेशी लोइटर म्यूनिशन यानी नागास्त्र-1 सेना को सौंप दिया है। इसी के साथ अपना कोई नुकसान किए बिना दुश्मनों को खत्म करना सेना के लिए काफी आसान हो जाएगा। यह पाकिस्तान और चीन जैसे देशों के बीहड़ इलाकों में भी दुश्मन की सेना का बड़ी आसानी के साथ सफाया करेगा। यह ड्रोन दुश्मन के प्रशिक्षण शिविरों, लॉन्च पैड और घुसपैठियों पर सटीक हमला करने में सक्षम हैं। यह मैन-पोर्टेबल ड्रोन है। इसे कोई भी जवान खुद ही उठाकर कहीं भी ले जा सकता है। यह हाई-टेक ड्रोन पूरी तरह से भारत में नागपुर की कंपनी ईईएल द्वारा डिजाइन और विकसित किए गए हैं। ड्रोन में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री है।



**दुश्मन को नहीं आएगा नजर:** नागास्त्र-1, 'कामिकेज मोड' में 2 मीटर की सटीकता के साथ सटीक हमला करके दुश्मन के किसी भी ठिकाने को बर्बाद कर सकता है। 9 किलोग्राम वजन वाला यह ब्रह्मास्त्र 30 मिनट तक उड़ान भर सकता है और इसकी मैन-इन-लूप रेंज 15 किमी और ऑटोनॉमस मोड रेंज 30 किमी है। इस मैन-पोर्टेबल फिक्स्ड-विंग इलेक्ट्रिक यूएवी में इलेक्ट्रिक प्रपल्सन सिस्टम लगा है, जिसकी वजह से 200 मीटर से ज्यादा की ऊंचाई पर यह दुश्मन देशों के रडार में नहीं आ पाता। नागास्त्र दिन और रात में निगरानी करने वाले कैमरों के अलावा 1 किलोग्राम के खतरनाक बारूदी वॉरहेड से लैस है।



## जरूरी खबर

### लीकेज से हजारों लीटर पानी बह रहा व्यर्थ



**चाकसू।** चाकसू शहरी क्षेत्र में कस्बे के मनोहरा तालाब रास्ते से गुजर रही पेयजल लाइन में पिछले एक पकवाड़े से लीकेज होने से मीठा पानी व्यर्थ बह रहा है। इस संबंध में जलदाय विभाग के जिम्मेदार लोगों कों शिकायत करने के बावजूद लीकेज को सही नहीं करवाया जा रहा है। क्षेत्र के स्थानीय निवासी हेमंत व चंद्रशेखर पारीक ने बताया कि मनोहरा तालाब जाने वाले रास्ते किनारे से गुजरने वाली पेयजल लाइन में लगभग 15 दिन पूर्व लीकेज हुआ था, जो अब लगातार बढ़ रहा है। लीकेज के संबंध विभाग को शिकायत भी की गई, मगर अब तक सही नहीं किया गया है।

### एक्सीलेंस योजना के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

**जयपुर।** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप फोर अकादमिक एक्सीलेंस योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। इसके लिए वेब पोर्टल पर आवेदन किये जा सकते हैं। कॉलेज शिक्षा विभाग के आयुक्त पुखराज सैन ने बताया कि इस योजना में राज्य के मेधावी विद्यार्थियों को देश-विदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और संस्थानो में अध्ययन के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी और पोस्ट डॉक्टरल कोर्सेज के लिए चयनित किया जाता है। जिन छात्र-छात्राओं ने अर्हता परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वे इस छात्रवृति के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### शिक्षा मंत्री ने किया पंचायत कार्यालय का लोकार्पण



**जयपुर।** शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को कोटा जिले के रामगंजमंडी क्षेत्र के खैराबाद पंचायत समिति मुख्यालय के नवीनीकृत पंचायत कार्यालय का लोकार्पण किया। शिक्षा मंत्री ने सरपंच बाबूलाल लोधा का पदभार ग्रहण करवाया। कार्यालय में आमजन के बैठने और जनसुनवाई करने की सुगम व्यवस्था भी की गई। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को रामगंजमंडी के खैराबाद में गरीब परिवार के साथ भोजन किया। परिवार के मुखिया विनोद राठौर ने भी सपरिवार शिक्षा मंत्री के साथ भोजन किया। शिक्षा मंत्री ने परिवार की महिलाओं को साड़ी ओढ़ाई।

विश्व योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

# भारत ने योग को दिलाई अंतरराष्ट्रीय पहचान: उप मुख्यमंत्री

**बेधड़क** | जयपुर

उपमुख्यमंत्री एवं आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने कहा कि भारत ने योग को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से आज पूरा विश्व भारत की प्राचीन योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति की तरफ बढ़ रहा है। यह भारत के अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्वगुरू के रूप में स्वीकार करने का संकेत है। उन्होने कहा कि इस बार योग दिवस की थीम 'योग स्वयं एवं समाज के लिए रखी गई है। योग के अभ्यास से शान्ति पूर्ण मन से व्यक्ति को समाज कल्याण के लिए बेहतर निर्णय लेने में मदद





मिलती है। भारतीय संस्कृति से जुड़ी योग क्रिया अब विदेशों तक फैल चुकी है। उन्होंने योग को देश सांस्कृतिक एकता की प्रथा की संज्ञा दी। उपमुख्यमंत्री शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन में आगामी 21 जून को दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग शरीर को रोगमुक्त रखता है एवं मन को शान्ति प्रदान करता है।

### आमजन से जन सहभागिता की अपील

बैरवा ने योग को भारत की प्राचीन और स्वस्थ जीवनशैली का हिस्सा बताया। इसके साथ ही उन्होंने आमजन से अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले भव्य आयोजन के व्यापक प्रचार-प्रसार और इसके प्रति जनजागरूकता के साथ जनसहभागिता लाने की भी अपील की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित योग संस्थाओं, शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधियों से भी कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी आंमत्रित किए।

### SMS स्टेडियम में होगा मुख्य कार्यक्रम

गौरतलब है कि 21 जून को पूरे विश्व में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। जयपुर में भी इस अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम सवाईमानसिंह स्टेडियम में सुबह 6.00 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर आयुष विभाग की शासन सचिव पूनम, संयुक्त शासन सचिव कैलाश यादव सहित शहर की योग संस्थाओं, शिक्षण संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### राज्यपाल और मंत्रियों ने लगाए पौधे



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र एवं उप मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा एवं वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शुक्रवार को अलवर जिले में राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य यूनिवर्सिटी के संविधान पार्क में पौधारोपण किया। राज्यपाल मिश्र ने वन एवं पर्यावरण मंत्री, संजय शर्मा की पर्यावरण संरक्षण में प्रतिदिन एक पौधा लगाने के निर्णय को सकारात्मक पहल बताया। उप मुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा ने कहा कि शर्मा ने वन एवं पर्यावरण मंत्री का पदभार ग्रहण करने के साथ ही प्रतिदिन एक पौधा लगाने का जो संकल्प लिया है जो पर्यावरण संरक्षण के संदेश का बेहतरीन उदाहरण है। इस दौरान अलवर जिला कलक्टर आशीष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा, राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शील सिंधू पाण्डे, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार कै. फैलीराम मीणा सहित संबंधित अधिकारी एवं प्रबुद्ध व्यक्ति उपस्थित रहे।

इंडिया स्टोन मार्ट-2026 के आयोजन के लिए एमओयू

# प्रदेश के पत्थर उद्योग को मिलेगी अंतरराष्ट्रीय पहचान: राज्यवर्धन

**बेधड़क** | जयपुर

इंडिया स्टोनमार्ट के 5 फरवरी, 2026 से प्रस्तावित 13 वें संस्करण के आयोजन के लिए शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में सीडॉस एवं लघु उद्योग भारती के मध्य समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गए। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि इस एमओयू से इंडिया स्टोन मार्ट-2026 के आयोजन को नए आयाम मिलेंगे और प्रदेश के पत्थर उद्योग को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी।





कर्नल राज्यवर्धन ने कहा कि इससे वैश्विक स्तर पर भी राजस्थान के पत्थर एवं इससे जुड़े अन्य उद्योगों के विकास की राह प्रशस्त होगी। उन्होंने कहा कि लघु भारती उद्योग पहली बार सह आयोजक के रूप में इंडिया स्टोन मार्ट से जुड़ने जा रहा है, संगठन के सदस्यों की ऊर्जा से इंडिया स्टोन मार्ट निश्चित ही नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. बिश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को सफल बनाने की राह में इंडिया स्टोन मार्ट-2026 पत्थर एवं इससे जुड़े उद्योगों के क्षेत्र में प्रदेश की दशा और दिशा बदलने में सकारात्मक भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि इंडिया स्टोन मार्ट के आगामी आयोजन में नवाचार के साथ ही कौशल विकास को बढाने का भी पूरा प्रयास रहेगा।

लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रकाश चन्द्र ने कहा कि प्रदेश में खनिज एवं पत्थरों का विपुल भंडार है। यहां के पत्थर एवं कारीगर देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया स्टोन मार्ट जैसे भव्य आयोजनों से उद्यमियों एवं निवेशकों को अपने व्यापार विस्तार का बेहतर अवसर मिल पाता है।

इस अवसर पर रीको के अध्यक्ष अजिताभ शर्मा एवं प्रबंध निदेशक शिवप्रकाश नकाते, सीडॉस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकुल रस्तोगी, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पत्थर उद्योग को वैश्विक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ स्टोंस (सीडॉस) के माध्यम से द्विवार्षिक रूप से इंडिया स्टोनमार्ट का आयोजन किया जाता है।

हाई कोर्ट में AAG की नियुक्ति

# मनोज शर्मा, कपिल प्रकाश माथुर व सज्जन सिंह सहित बने 8 एएजी

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार ने आदेश जारी करते हुए राजस्थान हाई कोर्ट में अतिरिक्त महाधिवक्ताओं की नियुक्ति की हैं। इसमें अधिवक्ता मनोज शर्मा, अधिवक्ता कपिल प्रकाश माथुर और अधिवक्ता माही यादव को जयपुर पीठ में अतिरिक्त महाधिवक्ता नियुक्त किया गया है।

वहीं मुख्यपीठ जोधपुर में अधिवक्ता सज्जन सिंह राठौड़, अधिवक्ता नरेन्द्र राजपुरोहित, अधिवक्ता श्याम सुंदर लदरेचा, अधिवक्ता इंद्र राज चौधरी और अधिवक्ता नाथू सिंह राठौड़ की अतिरिक्त महाधिवक्ता के पद पर नियुक्ति हुई है। इसके साथ ही सरकार ने हाई कोर्ट की मुख्यपीठ जोधपुर और जयपुर मे गर्वेमेंट काउंसिल की भी नियुक्ति कर दी हैं।

प्रदेश में नई सरकार के गठन के करीब डेढ़ माह बाद सरकार ने 3 फरवरी को महाधिवक्ता की नियुक्ति की थी। वहीं इसके 10 दिन के अंतराल में सरकार ने 7 अतिरिक्त महाधिवक्ताओं की नियुक्ति हाईकोर्ट में की थी। इसके बाद 12 मार्च को सरकार ने हाईकोर्ट में 6 अतिरिक्त महाधिवक्ता बनाए थे। वहीं अब सरकार ने 8 अतिरिक्त महाधिवक्ताओं की नियुक्ति राजस्थान हाई कोर्ट में की हैं। लेकिन अभी भी हाई कोर्ट में 10 अतिरिक्त महाधिवक्ताओं के पद खाली हैं।

जयपुर पीठ में 19 और जोधपुर पीठ में 12 अतिरिक्त महाधिवक्ताओं के पद स्वीकृत हैं। राज्य सरकार ने हाई कोर्ट की दोनों पीठ में दो-दो गवर्नमेंट काउंसिल के साथ ही एडिश्नल गवर्नमेंट काउंसिल, डिप्टी गवर्नमेंट काउंसिल और असिस्टेंट गवर्नमेंट काउंसिल के पदों पर 81 अधिवक्ताओं की नियुक्ति की हैं। जयपुर पीठ में अधिवक्ता नीरज बत्रा और अधिवक्ता मीनाक्षी जैन को गवर्नमेंट काउंसिल बनाया गया हैं। इसके साथ ही 12 एडिश्नल गवर्नमेंट काउंसिल, 13 डिप्टी गवर्नमेंट काउंसिल और 17 असिस्टेंट गवर्नमेंट काउंसिल के पदों पर नियुक्ति की हैं। वहीं जोधपुर पीठ में अधिवक्ता संजय पालीवाल और अधिवक्ता रितु राज सिंह को गवर्नमेंट काउंसिल नियुक्त किया गया हैं। इसके साथ ही 12 एडिश्नल गवर्नमेंट काउंसिल, 12 डिप्टी गवर्नमेंट काउंसिल और 11 असिस्टेंट गवर्नमेंट काउंसिल के पदों पर नियुक्ति की हैं।

चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा कर रहे विधायक

# चाकसू विस क्षेत्र के स्कूलों में विकास कार्यों के लिए 3.36 करोड़ स्वीकृत

**बेधड़क** | चाकसू

चाकसू विधायक रामावतार बैरवा की ओर से चुनाव प्रचार के दौरान गांव-गांव में किए गए जनसंपर्क के तहत स्कूलों की दशा एवं दिशा की जानकारी ग्रामवासियों द्वारा मिलती रही है।

ऐसे में स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की कमी दूर करने के विधायक रामावतार बैरवा ने विधानसभा क्षेत्र के 19 सरकारी स्कूलों में विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से अनुशंसा करते हुए तीन करोड़ 36 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करवाईं है। क्षेत्र के भाजपा



कार्यकर्ताओं ने इस पहल का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया है। नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी ने बताया कि क्षेत्र के 9 विद्यालयों में 20 करोड़ 87 लाख 74 हजार रुपए की लागत से कला कक्ष, विज्ञान लेब, लेब उपकरण, लाइब्रेरी एवं कम्प्यूटर कक्ष का निर्माण होगा।

6 विद्यालयों में बालक या बालिकाओं के लिए 26.04 लाख की लागत से शौचालयों का निर्माण होगा।

विधानसभा क्षेत्र के चार विद्यालयों में पीने के पानी की व्यवस्था के लिए 22 लाख 48 हज़ार रुपए व्यय होंगे। इसके अलावा कई विद्यालयों के विकास कार्य के लिए राशि स्वीकृत की गई है।

सचिवालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद एवं गोपनीयता की ली शपथ

# कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने बुद्धिप्रकाश शर्मा

- 88 मतों से हुए विजयी, कहा- कर्मचारी हित में करेंगे कार्य

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद के सम्पन्न हुए चुनाव में बुद्धिप्रकाश शर्मा 88 मतों से विजयी हुए है। चुनाव के बाद राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद की पद एवं गोपनीयता की शपथ एवं स्वस्तिपूजन के उपरान्त बुद्धिप्रकाश शर्मा द्वारा अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला।

बुद्धिप्रकाश शर्मा ने अपनी इस जीत का श्रेय परमपिता परमात्मा, माता-पिता परिवार जनों के साथ



उनके चुनाव में उनका सहयोग करने वाले समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया। बुद्धिप्रकाश शर्मा द्वारा उनका चुनाव में मत एवं समर्थन से सहयोग करने वाले समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। शर्मा ने राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्षगणों यथा मेघराज पंवार, शिवशंकर अग्रवाल, मुकेश गौड़, देवेन्द्र सिंह शेखावत, अभिमन्यु शर्मा, कपिल देव का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होने अपने अनुभव एवं मेहनत से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। शर्मा ने समस्त कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा वर्ष भर सचिवालय कर्मचारियों के हित में कार्य किया जावेगा।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में दूसरे दिन भी हुई जनसुनवाई

# अवैध कब्जे के विरुद्ध अफसरों द्वारा कार्रवाई नहीं करने की आई शिकायतें

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा प्रदेश कार्यालय में लोगों की जनसुनवाई का कार्यक्रम दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान जनता और कार्यकर्ताओं सुनवाई के लिए पहुंचे। दूसरे दिन भी प्रदेशभर से करीब 200 परिवादी अपनी समस्याएं लेकर पार्टी कार्यालय पहुंचे। इनमें कुछ की समस्याएं पानी बिजली कनेक्शन नहीं होने तो कुछ की जमीन पर अतिक्रमण और कब्जे की थी।

वहीं, पुलिस और अन्य सरकारी अफसरों के कार्रवाई नहीं करने को लेकर भी परेशान लोग बीजेपी कार्यालय पहुंचे। गुरुवार



की तरह ही शुक्रवार को भी प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल, उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा और प्रदेश मंत्री महेंद्र कुमावत ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को फोन किए। साथ ही लोगों को भी आश्वस्त किया कि जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान होगा। महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि लोगों को पता है कि भाजपा कार्यालय में आने के बाद ही समस्याओं का समाधान होता है। यही वजह है कि दूसरे दिन 200 से ज्यादा परिवादों समस्या लेकर पहुंचे हैं। जनसुनवाई में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए जिम्मेदारी तय करते हुए जल्द विशेषाधिकारी नियुक्त किए जाएंगे।

### परिवादों के निस्तारण के लिए होंगे विशेषाधिकारी नियुक्त, परिवाद पर 15 दिन से 30 दिन में कार्रवाई

प्रदेश महामंत्री और विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि शुक्रवार को दूसरे दिन भी 200 परिवाद आए। सुनवाई में पहले दिन की तरह आज भी कांग्रेस नेताओं के फर्जी पट्टों की शिकायतें ज्यादा आई हैं। प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और सीएम भजनलाल के निर्देशानुसार इन परिवादों पर कार्रवाई होगी और लोगों को रिलीफ देने का काम करेंगे। गोठवाल ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य और ध्येय अंत्योदय है। ऐसे में परिवादियों को निश्चित तौर पर राहत मिलेगी। भाजपा की जनसुनवाई में आने वाले सभी परिवादों को संबंधित अधिकारियों को भेजा जाएगा और इन पर उचित एवं न्याय संगत कार्रवाई की जाएगी। आमजन के परिवाद पर 15 दिन से 30 दिन के भीतर निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी और कार्रवाई के बाद संबंधित को सूचित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की और से भाजपा कार्यालय में आने वाले परिवादों के निस्तारण के लिए विशेषाधिकारी नियुक्त किया जा रहा है। इनके द्वारा परिवादों की मॉनिटरिंग की जाएगी।

### पुलिस प्रशासन के खिलाफ दिखे ज्यादा मामले

इतना ही नहीं, भाजपा कार्यालय में न्याय की उम्मीद लेकर पहुंचे आमजन पुलिस प्रशासन से भी परेशान नजर आए। कहीं किसी परिवादी की कांग्रेस राज में हुई एफआईआर पर कार्रवाई नहीं की जा रही थी तो कहीं किसी परिवादी की जमीन पर अतिक्रमण के मामले में सुनवाई नहीं हो रही थी। ऐसे में भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुरू जनसुनवाई से आमजन को न्याय की आस जगी है।

### गोठवाल ने दिखाई मानवता

भाजपा के महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने जनसुनवाई के दौरान भीड़ में एक निःशक्तजन को देखकर मानवता का परिचय देते हुए स्वयं बाहर आए और उनसे बातचीत कर उनकी समस्या जानी। गोठवाल ने रेनवाल के लूनियावास निवासी बालाजी गोशाला सेवा समिति के कोषाध्यक्ष निःशक्तजन सीताराम से उनकी समस्या पर मौके पर ही समाधान करते हुए किशनगढ़ रेनवाल पुलिस थानाधिकारी को फोन किया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सीताराम ने बताया कि गोशाला के नाम से कुछ लोगों ने फर्जीवाड़ा कर लाखों रुपए का घोटाला किया है। इस मामले में 4 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज करवाई थी, लेकिन पुलिस की और से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## जरूरी खबर

### सार्वजनिक पार्क और सड़क से हटाया अतिक्रमण



**जयपुर।** हेरिटेज निगम की सतर्कता शाखा ने शुक्रवार को सार्वजनिक पार्क और सड़क पर किए अतिक्रमण को ध्वस्त कर हटा दिया। हेरिटेज निगम की सतर्कता शाखा उपायुक्त पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि जामड़ोली में वार्ड नंबर 100 में अतिक्रमियों ने सार्वजनिक पार्क पर सामान रख कर कब्जा कर लिया था, जिसे हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर दस्ते ने हटा दिया। वहीं खातीपुरा में भी ग्रीन रेवेन्यू कॉलोनी में लोगों ने सड़क पर जाली लगाकर अतिक्रमण कर रखा था। उसे भी दस्ते ने जेसीबी की सहायता से ध्वस्त कर दिया।

### 42 किलोग्राम प्लास्टिक जब्त, 65 हजार रुपए वसूले



**जयपुर।** हेरिटेज निगम की स्वास्थ्य शाखा ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए शुक्रवार को 65 हजार 200 रुपए का कैरिंग चालान किया है। इस अभियान के संबंध में उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसमें निगम की सीएसआई-एसआई टीम ने 6500 रुपए कैरिंग चार्ज, चालान प्रकोष्ठ ने 32500 रुपए और वॉच राइडर ने 26200 रुपए का कैरिंग चार्ज वसूल किया। साथ ही 42 किलो प्लास्टिक भी जब्त की है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## हेरिटेज निगम महापौर मुनेश गुर्जर ने किया सफाई कार्य का आकस्मिक निरीक्षण

# एक बार नहीं, बार-बार...नियमित रूप से हो नालों की सफाई

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में मानसून की एंट्री होने वाली है। ऐसे में जयपुर शहर की सड़कें दरिया नहीं बने, इसके लिए राजधानी की हेरिटेज निगम महापौर मुनेश गुर्जर शुक्रवार को शहर में चल रही नालों की सफाई के औचक निरीक्षण पर निकली। इस दौरान महापौर ने अलसुबह सात बजे से अपना दौरा शुरू किया। महापौर के साथ में हेरिटेज निगम के अधीक्षण अभियंता श्रवण कुमार वर्मा सहित चारों जोन के एक्सईएन, जेईएन और निगम मुख्यालय के अधिकारी भी साथ रहे। महापौर ने चांदी की टकसाल, सुभाष चोक, ब्रहमपुरी, कागदीवाडा, रामगढ़ मोड, काले हनुमान जी, तमिल कॉलोनी, गुर्जर घाटी, जलमहल, नागतलाई, आरएसी कॉलोनी, पहाडगंज इलाके में नालों की सफाई का निरीक्षण किया। कुछ जगहों पर नालों में सफाई को लेकर मुनेश गुर्जर संतुष्ट हुई तो कुछ जगहों पर नाले पूरी तरह से साफ नहीं होने पर नाराजगी भी जताई। अधिकारियों से लगातार सफाई कार्य कराने के निर्देश दिए।



### रामगढ़ मोड़ पर पानी का निकास बंद होने पर नाराजगी

निरीक्षण के दौरान महापौर मुनेश गुर्जर ने सबसे पहले आमेर रोड पर रेन्बो रेस्टोरेंट के पास नाले का निरीक्षण किया। नाले के एक तरफ कचरा जमा होने पर महापौर ने निगम अधिकारियों से नाला साफ नहीं होने का कारण पूछा तो अधिकारियों ने नाला गहरा होने के कारण मशीन नीचे नहीं जाना बताया। इस पर महापौर ने नाले के निकास पूरे खुलवाने के निर्देश दिए, जिससे नाला ओवर फ्लो नहीं हों और पानी सड़क पर नहीं आएं।

### पट्टियां हटवाकर देखी सफाई

महापौर मुनेश गुर्जर ने वार्ड 10 और 11 में भी नालियों की सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नाली की पट्टियां हटवा चेक किया। नाली साफ होने पर संतोष जताया। वहीं, आस पास के लोगों से भी नाले की सफाई के बारे में पूछा। लोगों ने भी नालों की सफाई अच्छे तरीके से होना बताया।

### इधर, नाली में जमा मिला कचरा

जयपुर ग्रामीण पुलिस लाइन के बाहर नालों में कुछ जगहों पर कचरा जमा होने पर ठेकेदार को बुलाकर दुबारा से साफ करने के निर्देश दिए। महापौर ने चांदी की टकसाल पर नाला निर्माण कार्य देखा और कार्य प्रगति के बारे में जाना। अधीक्षण अभियंता श्रवण कुमार ने बताया कि कंवर नगर चांदी की टकसाल नाले का कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बनीपार्क में मारा छापा

# 1250 लीटर घटिया क्वालिटी का घी सीज, हेयर ऑयल भी नकली

**बेधड़क** | जयपुर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार सुबह बनीपार्क स्थित एक घी व्यापारी के यहां छापा मारा। यहां से 1250 लीटर घटिया क्वालिटी का घी सीज किया। इसके साथ ही टीम ने घी के अलग-अलग बैच में सैंपल लेकर उनकी जांच करवाने के लिए लैब में भिजवाए हैं। अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में सेंट्रल टीम ने शुक्रवार सुबह बनीपार्क स्थित कबीर मार्ग पर पूरण प्रकाश अरोड़ा दुर्गा ट्रेडिंग कंपनी पर छापा मारा। जहां से गोपी नाम के घी के पैकेट मिले, जिसमें घी अमानक और घटिया क्वालिटी का दिख रहा था। घी में अजीब महक आ रही थी। इसके अलावा घी की चिकनाई भी सामान्य घी की तुलना में कम थी।

इसके बाद मौके पर मौजूद टीम ने घी के कार्टन के अलग-अलग सैंपल लिए। मौके पर मौजूद 1250 लीटर के स्टॉक को संदेह के आधार पर सीज किया। अतिरिक्त आयुक्त ने बताया- छापे के दौरान ही टीम को कुछ अन्य नकली हेयर ऑयल भी मिले हैं। इसे देखते हुए टीम ने ड्रग डिपार्टमेंट को भी सूचित किया है। इस कार्रवाई के दौरान टीम में अमित शर्मा, देवेंद्र राणावत और विनोद शर्मा भी मौजूद रहे।





### ब्रांडेड कंपनी का डुप्लीकेट माल

अतिरिक्त आयुक्त ने बताया- छापे के दौरान बड़ी संख्या में हेयर ऑयल के पाउच और पैकेट बरामद हुए। इसे देखते हुए हमने ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट को सूचना दी। उनकी टीम ने मौके पर आकर इन सभी हेयर ऑयल के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भिजवाया है। नकली ब्रांड के हेयर ऑयल के पैकेट को सीज किया है। अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि यहां पैराशूट ब्रांड का हूबहू पैरा माउंट नाम के ऑयल पाउच मिले। इनके अलावा कई नामी कंपनियों के आंवला, बादाम, सरसों के तेल के पैकेट भी मिले, जो नकली थी।

### इन्होंने दिया कार्रवाई को अंजाम

सेन्ट्रल टीम ने विभाग के संयुक्त आयुक्त एस एन धौलपुरिया की अगुवाई में इस कार्यवाही को अंजाम दिया। अति आयुक्त खाद्य सुरक्षा पंकज ओझा भी इस कार्रवाई में मौके पर उपस्थित थे। सेंट्रल टीम में अमित शर्मा, देवेंद्र राणावत और विनोद शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

### गुजरात-हरियाणा से आ रही है खैप

अतिरिक्त आयुक्त ने बताया कि कुछ दिन पहले वीकेआई स्थित एक स्टॉकिस्ट के यहां छापा मारा था, जहां से 887 किलोग्राम घी की खैप बरामद की थी। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ समय से लगातार नकली घी की खैप पकड़ी जा रही है। ये सब ज्यादातर गुजरात और कुछ मात्रा में हरियाणा से आ रहा है।

## 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान

# सड़े आलू काम में ले रहे थे, सब्जियों में मिला रहे थे कलर

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान के तहत शुक्रवार को आगरा रोड पर खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के सुपरविजन और अतिरिक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा पंकज ओझा के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। इस दौरान कहीं सड़े आलू काम में लेते हुए पाए गए तो कहीं सब्जियों में कलर मिलाया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान आगरा रोड पर लड्डू वाला फार्म के यहां गंदगी फैली थी।

खुले में पदार्थ रखे थे। कर्मचारियों के मेडिकल और पानी की रिपोर्ट नहीं थी। सड़े हुए खराब आलू काम में लिए जा रहे थे। मिठाइयों पर बेस्ट बिफोर के टेग भी नहीं लगे थे। बिना ढके चासनी आदि पाई गई। विभिन्न मिठाइयों के सैंपल लिए गए और नोटिस दिया गया। आगरा रोड पर ही न्यू भास्कर ढाबे वाले के पास फूड लाइसेंस भी नही पाया गया। यहां ढाबे वाले द्वारा सब्जियों में कलर मिलाया जा रहा था,जो कि अत्यंत हानिकारक है। साफ सफाई का हाल भी बहुत बुरा था। सुबह ही दाल सब्जियां बनाकर रख ली गई। प्याज भी कई घंटों पहले काट लिए जाते हैं। मौके पर ही 5 घरेलू गैस सिलेंडर उपयोग में लेते हुए पाया गया। आगरा रोड पर ही बजरंग स्वीट पर गंदगी में चासनी, चटनी आदि पाए जाने पर नोटिस दिया गया। M B स्वीट्स आगरा रोड पर फूड लाइसेंस लेने के बजाए सिर्फ रेजिस्ट्रेशन लेकर काम किया जा रहा था।



मेडिकल सर्टिफिकेट भी नही मिले। गंदगी मिली। लड्डुओं में रंग मिलाए जाने की आशंका पर सैंपल लिया गया। साथ ही अलवर के मिल्क केक का सैंपल लिया गया। टीम में सीएमएचओ-1 और सीएमएचओ-2 की टीम से नरेंद्र शर्मा, दीपक सिंधी, अवधेश गुप्ता, पवन गुप्ता, रमेश यादव, नंदकिशोर द्वारा कार्रवाई की गई।

## श्री खोले के हनुमान मंदिर परिसर में पाटोत्सव

# छठ उत्सव पर भक्तजनों ने लूटी उछाल

**बेधड़क** | जयपुर

श्री खोले के हनुमान मंदिर परिसर में सीयाराम जी का छठ उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच मिठाई, खिलौने, वस्त्र, फल इत्यादि का उछाल किया गया, जिन्हें प्राप्त करने के लिए भक्तजन लालायित रहे।

श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को सीयारामजी का छठ उत्सव शुक सम्प्रदाय पीठाधीश्वर आचार्य अलबेली माधुरी शरण जी के सानिध्य में मनाया गया। इस अवसर पर अलबेली माधुरी शरण जी सीयारामजी के सम्पूर्ण वस्त्र, गहने, मिठाई व फल इत्यादि देकर आए। उनके प्रस्तुत भजनों के दौरान भाव विभोर भक्तजनों के बीच उछाल की गई। माधुरी शरण जी ने राम के जन्म व बाल अवस्था के भजन इत्यादि प्रस्तुत किए। शर्मा ने बताया कि शनिवार को श्री अन्नपूर्णा माता का सप्तम पाटोत्सव मनाया जाएगा। प्रातः 6 बजे महाअभिषेक, 10 बजे षोड्शोपचार पूजन अभिषेक, शृंगार, प्रातः 11 बजे राजभोग व 11.30 बजे विशेष उत्सव आरती होगी। शनिवार को ही दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक हरिनाम संकीर्तन व बधाई गायन एवं सायं 7 बजे युगलजी महाराज के पदों का गायन किया जाएगा।



## महाआरती और हनुमान चालीसा




*जयपुर। सांगानेर के श्योपुर गांव में प्राचीन सीताराम मंदिर में शुक्रवार को महाआरती और हनुमान चालीसा का प्रोग्राम आयोजित किया गया। महावीर टेलर ने बताया कि भोग लगा कर प्रसाद वितरण किया गया। महिलाओं ने दिन रामधुनी की और भजन कर के मन्दिर में सीताराम भगवान की महिमा का गुणगान किया।*

## धूप-छांव फाउंडेशन ने लगाया शिविर

# आत्मरक्षा के लिए तकनीक और आत्मविश्वास का होना बहुत जरूरी

**बेधड़क** | जयपुर

वैशाली नगर में धूप छांव फाउंडेशन के तत्वाधान में महिलाओं और बच्चियों के लिए निर्भया स्क्वाड की ओर से 10 जून से चल रहा पांच दिवसीय आत्मरक्षा शिविर शुक्रवार को संपन्न हुआ। शिविर में 9 साल से 60 साल तक बच्चियों और महिलाओं ने भाग लिया। शिविर में आत्मरक्षा गुरु के साथ-साथ महत्वपूर्ण टोल फ्री नंबर, गुड टच बैड टच, साइबर फ्रॉड, फर्जी गुमराह कर देने वाले कॉल, एमरजैंसी नंबर्स इत्यादि सभी की जानकारी दी गई। शिविर के दौरान विभिन्न तकनीक सीखा कर महिलाओं में इतना आत्मविश्वास विकसित किया जाता है कि वह विषम परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा पूरी सचेतता के साथ कर सके तथा घर के बाहर ही नहीं घर में भी किसी अनजान व्यक्ति के आने पर पूरी सचेतता बरते।



### मेडल पहनाकर किया प्रोत्साहित

समापन दिवस पर महिलाओं और बच्चियों ने 4 दिन में प्राप्त प्रशिक्षण के सभी गुरों का प्रदर्शन किया। फाउंडेशन द्वारा सभी प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया गया ट्रेनिंग दे रहे कमांडो मंजू बेल्ट नंबर 7935 व कमांडो मनोहर बेल्ट नंबर 10198 को अशोक स्तंभ भेंट कर उनकी बखूबी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। धूप-छांव फाउंडेशन की अध्यक्ष मीरा अग्रवाल ने बताया कि उनके फाउंडेशन द्वारा यह आत्मरक्षा से जगह-जगह पर यूं ही निशुल्क आयोजित किए जाते हैं तथा प्रतिभागी बहुत उत्साह के साथ भाग लेते हैं।

### 5000 बालिकाओं को किया प्रशिक्षित

अग्रवाल ने बताया कि अब तक फाउंडेशन द्वारा इन शिविरों के माध्यम से लगभग 5000 बालिकाओं और महिलाओं को आत्मरक्षा के गुण सिखाए जा चुके हैं। आगे भी धूप-छांव फाउंडेशन अपने इन सेवा कार्यों के लिए तत्पर रहेगा। शिविर टीम सदस्य मीरा, ईश्वर दास, विजय, संजय, देव, गंगा लहरी, अनुभव, सत्यभामा, रिंकू, भूमिका, इशिता, जिनेश की उपस्तिथि में सम्पन्न हुआ।

**जरूरी खबर**

### चाकसू विधायक रामावतार बैरवा ने की जनसुनवाई



**चाकसू।** क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा ने चाकसू में निजी निवास स्थान पर जनता की जनसुनवाई की। सरपंच संघ अध्यक्ष कन्हैया लाल शर्मा व सवाई माधोसिंहपुरा सरपंच रामजीलाल यादव ने बताया कि विधायक के क्षेत्र में होने से भरपूर फायदा मिल रहा है। विधायक के निजी आवास पर आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिनमें मुख्यतः बिजली-पानी की समस्याए रही। विधायक बैरवा ने एक-एक कर सभी की समस्याओं को ध्यान से सुना।

### पर्वो-त्योहारों के संबंध में शांति समिति की बैठक

**चित्तौड़गढ़।** आगामी पर्वो एवं त्योहारों के आयोजन के संबंध में शांति समिति के सदस्यों की बैठक शुक्रवार को डीआरडीए सभागार में जिला कलक्टर आलोक रंजन और पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न सामाजिक संगठनों और समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ आगामी त्योहारों के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि प्रशासन की मंशा है कि त्योहारों के दौरान शांति का वातावरण बना रहे। समुदाय आपस में संवाद कर त्योहारों के दौरान सकारात्मक माहौल बनाए।

### 17 अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए ब्लॉक आवंटित



**बांसवाड़ा।** जिला स्थापना समिति की बैठक शुक्रवार को जिला प्रमुख रेशम मालवीया की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें राजस्थान प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक अध्यापक सीधी भर्ती-2022 अन्तर्गत निदेशालय बीकानेर द्वारा अनुसूचित क्षेत्र जिला बांसवाड़ा को लेवल प्रथम में 2 अभ्यर्थी एवं लेवल द्वितीय 15 सहित कुल 17 अभ्यर्थियों की नियुक्ति/पदस्थापन के लिए पंचायत समिति का आवंटन किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. वी.सी. गर्ग, जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) शम्मे फरोजा बतुल अंजुम एवं अतिरिक्त कोषाधिकारी चर्चित मेहता उपस्थित रहे।

**सेना के सर्वोच्च सम्मान परमवीर चक्र से लेकर 13 श्रेणी के मेडलों से किया चुका है सम्मानित**

# झुंझुनूं की मिट्टी के कण-कण में रमता है वीरों का सौर्य

**बेधड़क** | झुंझुनू

पूरे देश में वीरों की धरती के नाम से मशहूर झुंझुनू जिले को देश में सबसे ज्यादा सैनिक और शहीद देने का गौरव प्राप्त है।

यही कारण है कि यहां के गांवों में लगी शहीदों की आदमकद प्रतिमाएं इस बात की गवाह हैं कि यहां की वीर माताएं अपने बच्चों को जन्म से ही दूध में देशभक्ति का पाठ पढ़ाती हैं।

जिले की मिट्टी के कण- कण में शौर्यता बसती है। यही कारण है कि आजादी के बाद से अब तक यहां के सैनिकों ने दुश्मनों के दांत खट्टे किए है। उनकी इसी



शौर्यता के कारण उन्हें सेना के सर्वोच्च सम्मान परमवीर चक्र से लेकर 13 श्रेणी के मैडलों से सम्मानित किया जा चुका हैं। साथ ही लोरियों में देशभक्ति के गीत गाकर सुलाती हैं।

### शेखावाटी ब्रिगेड नाम से सैन्य छावनी की स्थापना

इस जगह का सेना से लगाव का कारण यह है कि अंग्रेजों ने यहां एक सैन्य छावनी स्थापित की थी, जिसे 'शेखावाटी ब्रिगेड' कहा जाता था। अब तक इस जिले के 120 से अधिक सैनिकों को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है, जो पूरे देश में किसी भी जिले के लिए सबसे अधिक है। यहां अक्सर गांवों में युवाओं की टोलियां सेना में भर्ती होने की तैयारी करती नजर आती हैं, लेकिन अब नई पीढ़ी देश सेवा से कतराने लगी है। इसी कारण अब गांवों में युवाओं की टोलियों की जगह इक्का-दुक्का युवा ही सेना में भर्ती होने की तैयारी करते नजर आते हैं। इसका एक कारण यह भी है कि भारतीय सेना में सैनिकों की भर्ती अग्निपथ योजना के जरिए होती है।




### अग्निपथ योजना से अब हो रहा मोहभंग

जिले में इतने अधिक लोगों का सेना से जुड़ाव होने के बाद हाल ही में युवाओं का अब भारतीय सेना में जाने का मोहभंग होने लगा है। पहले तो वे ग्रुप में अभ्यास करते नजर आते थे, लेकिन समय के साथ इसमें कमी आई है। इसका कारण अग्निपथ योजना का स्कीम को लागू होना बताया गया। लेकिन इसके बाद भी इस जिले के युवाओं में देश के लिए मर मिटने का जज्बा कम नहीं हुआ है। क्योंकि झुंझुनू के वीर जवानों की बदौलत ही जिले का नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जा सका है। इसके साथ ही अब तक जिले को भारतीय सेना में सेवा देने के लिए 1 परमवीर चक्र, 23 वीर चक्र, 6 कीर्ति चक्र, 17 शौर्य चक्र, 123 सेना मेडल, 1 एयर फोर्स मेडल, 4 नेवी आर्मी मेडल, 1 पीवीएसएम, 4 वीएसएम, 2 सेना मेडल, 15 मेंशन इन डिस्पैच मेडल, 18 पुलिस मेडल फॉर गैलेंट्री और 1 प्रेसिडेंट पुलिस मेडल ऑफ गैलेंट्री मिल चुके हैं।

**जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने योग दिवस की तैयारियों के संबंध में ली बैठक**

# योग दिवस पर कोचिंग विद्यार्थियों को जोड़कर बचाएं अवसाद से

**बेधड़क** | सीकर

■ **दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम 21 जून को**

योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम 21 जून को सुबह 7 से 8 बजे तक एसके खेल मैदान में आयोजित होगा। इसमें सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा, आमजन इसमें भाग ले सकेंगे। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम की पूर्व तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों एवं संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर कमर चौधरी बैठक में समारोह स्थल पर बिजली, पानी, चिकित्सा व्यवस्था, धूप से बचाव के लिए टेंट लगाने सहित अन्य जिम्मेदारियों के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कोचिंग संस्थान योग दिवस के दिन अपने विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करे ताकि उन्हें अवसाद एवं मानसिक तनाव दूर करने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूक किया जा सके। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को समारोह स्थल पर मेडिकल कैंप लगाने तथा नगर परिषद को ऑटो टीपर एवं होर्डिंग्स सहित अन्य माध्यमों द्वारा कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया।

जिला कलेक्टर ने सभी अधिकारियों, स्वंयसेवी संस्थाओं कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधियों से कहा कि बच्चों के लिए योग बहुत जरूरी है। कुछ ऐसे प्रयास किये जाये कि बच्चों की रूचि योग में बने। जिला कलेक्टर चौधरी ने नगर परिषद आयुक्त को कार्यक्रम स्थल पर छायादार, टेंट, गद्दे, दरी आदि कि सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वार्ड पार्षद, महिला प्रतिनिधियों के साथ वार्ड की महिलाओं की उपस्थिति कार्यक्रम में रहें, इसकी सुनिश्चितता की जाये। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर हेमराज ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को योग दिवस कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थित होकर सहभागिता निभाने को कहा।



### विभागों के कर्मचारियों को उपस्थित होने के निर्देश

बैठक में जिला साक्षरता अधिकारी राकेश कुमार लाटा ने प्रतिवर्ष योग दिवस पर जलदाय विभाग की ओर से पेयजल व्यवस्था, नगर परिषद द्वारा टेंट, माईक, दरी, स्टेज, गद्दे, चल शौचालय, कार्यक्रम से पूर्व व पश्चात कार्यक्रम स्थल की सम्पूर्ण साफ—सफाई व्यवस्था, शिक्षा विभाग द्वारा अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं की उपस्थित दर्ज कराने एवं समस्त विभागों के कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो के बारे में जानकारी दी। समाजसेवी नीलम मिश्रा ने योग दिवस की पूर्व संध्या पर वाहन रैली निकालने, नेहरू युवा संस्थान के बी.एल.मील ने कोचिंग, डिफेंस एकेडमियों की कार्यक्रम में भागीदारी करने, योग प्रशिक्षक आलोक कौशिक ने महिलाओं एवं आमजन की भागीदारी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्तर्गत कार्यरत आंगनबाडी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति आवश्यक रूप से करने का सुझाव दिया।

### ये रहे बैठक में उपस्थित

बैठक में सीएमएचओ डॉ. निर्मल सिंह, उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग बनवारी लाल शर्मा, सहायक निदेशक आयुर्वेद राजेश ऋषिका , योग प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. योगेश कुमार मिश्रा, एन.सी.सी. सूबेदार इस्माइल अली, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, सीमा चौधरी शिक्षा विभाग , डॉ. राजाराम शर्मा, डॉ. दुर्गा रणवां, एपीआरओ राकेश कुमार ढाका, अनिल शर्मा सीएलसी, ऋषभ शर्मा एलन केरियर, दीपेन्द्र सोनी, ए.पी.एस राजेन्द्र शर्मा, अमित सोनगरा मैट्रिक्स, अशोक जयपुरिया लायंस क्लब , पुनम शर्मा, जगदीश प्रसाद रोलण गुरु कृपा, शुभम गुप्ता युरो इन्टरनेशनल, सीमा अग्रवाल समाज सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

**मीडिया से बातचीत में राज्यपाल ने कहा**

## भारत के संविधान के मूल स्वरूप को नहीं बदला जा सकता: कलराज मिश्र



**बेधड़क** | अलवर

प्रदेश के राज्यपाल कलराज मिश्र का कहना है कि भारत के संविधान को कोई नहीं बदल सकता। यह गीता, कुरान और बाइबल जैसा पवित्र ग्रंथ है। संविधान की धारा 368 में लचीलापन तो है, लेकिन इसके मूल स्वरूप को कोई नहीं बदल सकता।

मिश्र शुक्रवार को अलवर के हल्दीना स्थित राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि संविधान बदलने का बिल लोकसभा और राज्यसभा में बहुमत से पास होना चाहिए। साथ ही देश की सभी विधानसभाओं में भी इसे पारित कराना पड़ेगा। अगर कोई गड़बड़ी करने की कोशिश करता है, तो देश की न्यायपालिका है। पश्चिम बंगाल में ऐसी कोशिश की गई। वहां आरक्षण का स्वरूप बड़ा कर दूसरे लोगों को आरक्षण देने का प्रयास हुआ, लेकिन हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। भारतीय संविधान में कठोरता और लचीलापन दोनों हैं। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि भारत के ज्यादातर लोगों को संविधान के बारे में पूरी जानकारी नहीं है। मैंने राज्यपाल बनने के बाद अनुभूत किया कि संविधान के बारे में आमजन को जानकारी देनी चाहिए। मैंने निर्णय किया कि जहां भी कार्यक्रम में जाउंगा, वहां संविधान की जानकारी दूंगा। संविधान के उद्देश्य, मूल कर्तव्य और मौलिक अधिकारों के बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। मैंने राजभवन में संविधान पार्क बनवाया और अब राजस्थान की हर यूनिवर्सिटी संविधान पार्क बनेंगे। मिश्र ने कहा कि उन्होंने संविधान की मूलप्रति देखी। उसमें संविधान बनने से लेकर इसे लागू करने की पूरी प्रक्रिया है। विश्व के देशों के संविधानों का अध्ययन करने के बाद भारतीय संविधान बना है।

**डीजे संचालक पर लालच देकर ले जाने का आरोप**

## डीजे के स्पीकर के नीचे दबने से ग्यारह साल के मासूम की मौत

**बेधड़क** | कोटा

जिले के कैथूनीपोल इलाके के सत्यनारायण मंदिर के पास शुक्रवार को डीजे की गाड़ी का एक्सीडेंट होने पर ऊपर बैठा 11 साल मासूम नीचे गिर गया। गाड़ी में रखे स्पीकर बच्चे पर गिर गए। जिससे उसकी मौत हो गई।

हादसे के बाद से ड्राइवर फरार हो गया। घटना कोटा के बच्चे के चाचा का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला डीजे संचालक भतीजे नैतिक को 50-100 रुपए का लालच देकर ले गया था। त्रिलोक ने बताया कि भतीजा नैतिक चौथी क्लास में पढ़ता था। अभी छुट्टियां चल रही थी तो वह घर पर ही था। पड़ोस में ही प्रद्युमन उर्फ गोली रहता है, जिसके डीजे का काम है। डीजे की आज की बुकिंग थी। उसने नैतिक को साथ चलने और 50-100 रुपए देने को कहा। इस पर नैतिक ने हां भर दी। गोली ने नैतिक को डीजे गाड़ी के ऊपर बैठा दिया, जहां स्पीकर थे। त्रिलोक ने बताया कि स्पीकर को बांधा हुआ नहीं था। इस दौरान जैसे ही गाड़ी गली से निकलने लगी तो किसी दूसरी गाड़ी से टकरा गई। इस दौरान गाड़ी के ऊपर बैठे नैतिक का बैलेंस बिगड़ा और एक घर की दीवार पर लगी एंगल से उसका सिर टकराया। इसके बाद वह नीचे गिर गया। इतने में ही डीजे गाड़ी में रखे स्पीकर भी नैतिक के ऊपर गिर गए। थानाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि इस हादसे में नैतिक का सिर बुरी तरह से पिचक गया। घटना के बाद मोहल्ले के लोगों ने मिलकर उसे बाहर निकाला। इसके बाद उसे एमबी हॉस्टिपल लेकर पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। नैतिक 4 भाई-बहन में तीसरे नंबर का था।

**भाजपा नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी से मिला प्रतिनिधिमंडल**

## पेयजल आपूर्ति में सुधार करने की मांग

**बेधड़क** | चाकसू

वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी एवं पेयजल आपूर्ति को लेकर जनसामान्य में बढ़ते आक्रोश को देखते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष रामधन सैनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल चाकसू उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा से मिला।


जलदाय विभाग की जलापूर्ति से अनेक वार्डों एवं मोहल्लों में असंतोष व्याप्त हो रहा है। नलों से जलापूर्ति का समय एवं नियमितता सुनिश्चित करवाने का अनुरोध किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपालिका क्षेत्र में जहां पानी की कमी की शिकायत मिल रही है। वहां 84 पानी के टेंकरों से आपूर्ति की जा रही है। वास्तव पानी के अभाव से ग्रस्त मोहल्लों में टेंकर समय पर नहीं पहुंच रहे, न ही उनके सत्यापन की व्यवस्था है। इनके नियत समय पर नियमित रूप से मोहल्ला में पहुंचने एवं सत्यापन की व्यवस्था करवाई जाए। उपखंड अधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल की बातें ध्यान से सुनी एवं संबंधित अधिकारियों से इन परेशानियों के निराकरण के निर्देश दिए। वार्तालाप के समय भाजपा नगर अध्यक्ष रामधन सैनी के अलावा एडवोकेट अमित बाहेती, त्रिवेणी श्याम शर्मा, नन्द किशोर शर्मा, मेहराज ख़ान, रामबाबू गोडीवाल उपस्थित रहे। इधर, पार्षद सुरेश सैनी ने क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा कों अपनी लेटर हेड पर लिखित रूप से अवगत करवाते हुए वार्ड क्षेत्र 3 में व्याप्त पेयजल समस्या कों दूर करवाने की मांग की हैं। बताया कि यहां लगे हेडपम्प खराब एवं नकारा हो चुके हैं।



ऐसे में भीषण गर्मी में पेयजल संकट गहराया हुआ है। बताया गया कि चावण्डिया की ढाणी, खुवालों की ढाणी माताजी के मंदिर के पास, बड़ा कुआँ व पीपली वाली ढ़ाणी में पेयजल जन समस्या के मध्यनजर संबधित विभाग कों उचित आदेश देकर पानी के टैंकर लगवाने की मांग की हैं।


**बेनीवाल ने बाड़मेर एसपी से की बात**

# कार्यकर्ता ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट में लिखा-मेरे नेता करेंगे इंसाफ



**बेधड़क** | जयपुर

बाड़मेर में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के एक कार्यकर्ता कंवराराम ने सुसाइड नोट में आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल और बाड़मेर जैसलमेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल का नाम लिखकर परिवार का सहयोग और न्याय दिलाने की मांग करते हुए पानी टांके में कूदकर जान दे दी। मौत को गले लगाने से पहले शख्स ने सुसाइड नोट को अपने वॉट्सऐप स्टेटस पर लगाया है।



### 'साला-साढू कर रहे थे ब्लैकमेल'

गुरुवार सुबह सदर थाना पुलिस सूचना पाकर मौके पर पहुंची और शव को टांके से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखया और जांच में जुट गई। मृतक युवक किराने और फैंसी स्टोर की दुकान चलाता था। उसने अपने सुसाइड नोट में साले और साढू के परेशान करने की बात लिखी। उन्होंने लिखा कि इन दोनों अनजान लड़कियों से फोन करवाके रिकॉर्डिंग कर पैसे ऐंठ लिए। जब मैं ससुराल गया तो मेरे साथ मारपीट की और मोबाइल भी छीन कर ले गए। यह पहले ही मुझसे 40 हजार रुपए ऐंठ चुके हैं। 'यह दुनिया जीने नहीं दे रही' मृतक कंवराराम ने आत्महत्या से पहले सोशल मीडिया पर स्टेटस लगाते हुए लिखा, 'मैं जा रहा हूं। जीने नहीं दे रही है दुनिया।' यह स्टेटस लगाने के बाद युवक गायब हो गया। जब परिवारजनां ने उसकी तलाश शुरू की तो दुकान से कुछ दूर स्थित पानी के टांके पर 2 मोबाइल व चाबियां रखीं हुई मिलीं। जब टांके के अंदर झांककर देखा तो युवक की लाश मिली, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### हनुमान बेनीवाल ने SP से की बात

मृतक युवक आरएलपी का कार्यकर्ता है और हनुमान बेनीवाल का फैन है। उसने अपने सुसाइड नोट में लिखा, 'मुझे विश्वास है कि मेरे नेता हनुमान बेनीवाल मेरे परिवार के साथ इंसाफ करेंगे। सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल मेरे परिवार का ध्यान रखेंगे। आरएलपी परिवार पर मेरे को विश्वास है कि वो मेरे साथ थे और रहेंगे।' पुलिस को सोशल मीडिया पर यह नोट मिला है, लेकिन ऑरिजनल किसके पास है इसकी तलाश जारी है। इसकी जांच पड़ताल जारी है। लेकिन हनुमान बेनीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आरएलपी कार्यकर्ता कंवराराम गेणा के आस्कमिक निधन का समाचार मिला है जो बहुत दुखद है। संवेदनाएं परिवार के साथ हैं। कंवराराम की आत्महत्या से जुड़ा सुसाइड नोट सोशल मीडिया पर वायरल होने की जानकारी मिली है। पुलिस इस सुसाइड नोट की गहनता से जांच करके दिवंगत के परिजनों से वार्ता कर निष्पक्ष कानूनी कार्यवाही के संबंध में बाड़मेर एसपी से भी बात कर निर्देश दिए हैं।




### NEET UG पेपर लीक और इसकी CBI जांच की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई...

# सुप्रीम कोर्ट का NTA को नोटिस... दो हफ्ते में रखो पक्ष... सुनवाई 8 जुलाई को

**याचिका के अनुसार, एक सेंटर पर ड्यूटी दे रहे टीचर सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया**

**दो दर्जन से अधिक छात्रों ने दी 10-10 लाख रुपए की घूस!**

**NEET को लेकर सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट्स में लगी हैं 41 पिटिशन**

बेधड़क | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार 14 जून को NEET UG पेपर लीक और इसकी CBI जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि NTA दो हफ्तों के अंदर इस पर अपना पक्ष रखे। इस मामले पर 8 जुलाई को अगली सुनवाई होगी। पिटिशनर हितेश सिंह कश्यप का आरोप है कि गुजरात के गोधरा में जय जल राम परीक्षा सेंटर को चुनने के लिए कर्नाटक, ओडिशा, झारखंड आदि राज्यों में 26 छात्रों ने 10-10 लाख रुपए घूस दी थी। कश्यप ने कहा कि इस सेंटर पर ड्यूटी दे रहे टीचर सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार टीचर के पास से सभी 26 छात्रों की डीटेल मिली है। इसलिए इस मामले की CBI जांच जरूरी है।

### सभी मामले SC को ट्रांसफर हों- NTA

स्टूडेंट्स ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और यूपी समेत 7 राज्यों की हाई कोर्ट में NEET में गड़बड़ियां को लेकर याचिकाएं दायर की हैं। NTA ने कहा है कि अलग-अलग कोर्ट के अलग-अलग फैसला सुनाने से छात्रों में भ्रम फैल सकता है। इसलिए सभी मामले सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर किए जाएं।

### रीएग्जाम के लिए जारी किया था नोटिफिकेशन

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी NTA ने NEET UG रीएग्जाम का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। नोटिस के अनुसार NEET रिजल्ट में ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडिडेट्स के लिए रीएग्जाम होगा। एग्जाम 23 जून को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए नए एडमिट कार्ड जारी होंगे। इस परीक्षा का रिजल्ट 30 जून तक जारी कर दिया जाएगा।

### राजस्थान हाई कोर्ट में केशव पारीख की जनहित याचिका

पारीख की याचिका में कहा गया है कि NEET UG 2024 के लिए 9 फरवरी से 9 मार्च तक रजिस्ट्रेशन हुए। फिर अचानक 8 अप्रैल को रजिस्ट्रेशन री-ओपन क्यों किए गए? 67 कैंडिडेट्स को 720 में से 720 कैसे मिले और इन में 6 हरियाणा के एक ही सेंटर के हैं। क्या इसमें कोई धांधली हुई है? स्टूडेंट्स को 718 और 719 जैसा स्कोर कैसे मिला?

### स्टूडेंट्स व पेरेंट्स मिले शिक्षा मंत्री प्रधान से



वहीं, कुछ स्टूडेंट्स और पेरेंट्स ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की। प्रधान ने भरोसा दिया कि जांच में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। सरकार पारदर्शी प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है। कोर्ट के सामने पारदर्शिता से बात रखेंगे। कोर्ट जो भी आदेश देगा, उसका पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा अच्छी हुई है, एक-दो जगह की घटना सामने आई है, इसकी इन्क्वायरी चल रही है। ये सब कोर्ट के संज्ञान में है। कोर्ट जो भी कहेगा, हम करेंगे।

### प्रधान बोले- कोर्ट जो भी कहेगा, हम करेंगे

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हमने कुछ स्टूडेंट्स को बुलाया था, उनके पेरेंट्स से भी मिला। मैंने उनको आश्वस्त किया है कि सरकार पारदर्शी प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है। 24 लाख एप्लीकेंट्स थे, 23 लाख 33 हजार विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। स्टूडेंट्स की कुछ शंकाएं सामने आई थीं। प्रधान ने कहा कि 6 सेंटरों पर गड़बड़ियों बात भी सामने आई। ग्रेस मार्क्स को लेकर भी आपत्ति आई है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ही 1500 से ज्यादा स्टूडेंट्स को दोबारा एग्जाम देने का बोल दिया है। NEET को लेकर सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट्स में 41 पिटिशन लगी हैं।




### ईमेल के जरिए मिलेगी जानकारी

इस एग्जाम में जो कैंडिडेट्स शामिल होने हैं, उन्हें NTA ईमेल के जरिए जानकारी भेजेगा। जारी नोटिस में NTA ने जानकारी दी है कि 1563 कैंडिडेट्स के स्कोर कार्ड कैंसिल कर दिए गए हैं। इन सभी कैंडिडेट्स को उनके ओरिजिनल स्कोर ईमेल पर भेज दिए जाएंगे। केवल उन्हीं कैंडिडेट्स को रीएग्जाम में शामिल होना है, जिन्हें NTA का ईमेल आएगा।

## Yuva स्टोरीज

### एग्जाम्स में सैनेटरी पैड व रेस्टरूम जरूरी

## केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की स्कूलों को एडवाइजरी



बेधड़क | नई दिल्ली

मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन के तहत आने वाले डिपार्टमेंट ऑफ स्कूल एजुकेशन एंड लिटरेसी ने बोर्ड एग्जाम के दौरान स्कूलों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि 10वीं और 12वीं बोर्ड एग्जाम्स के दौरान जिन गर्ल्स स्टूडेंट्स को पीरियड्स हों उनके लिए फ्री सैनेटरी नैपकिन रखे जाने चाहिए। इसके अलावा, एग्जाम के दौरान उन्हें जरूरत पड़ने पर ब्रेक मिलना चाहिए और एग्जामिनेशन सेंटर्स पर रेस्टरूम होने चाहिए।

जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि पीरियड के दौरान हाईजीन मैनेजमेंट किसी भी लड़की के बेहद जरूरी है और यह उसके एकेडमिक परफॉरमेंस के रास्ते में आड़े नहीं आना चाहिए।

राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी स्कूलों मिली एडवाइजरी यह एडवाइजरी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी स्कूलों, सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंड्री एजुकेशन, केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति को एडवाइजरी जारी किया है।

### विश्व रक्तदाता दिवस: राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में हुआ कार्यक्रम

## कुलपति प्रोफेसर शर्मा ने किया सबसे पहले रक्तदान... 164 यूनिट ब्लड डोनेट

**रक्तदान ही बचाता है किसी के प्राणों को**

बेधड़क | जयपुर

जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर में 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने स्वयं रक्तदान करके किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान करके कई जिंदगियों को बचा सकता है और रक्तदान करके खुद भी कई बीमारियों के खतरे से बच सकता है। हमें अधिक से अधिक रक्तदान करना चाहिए, रक्तदान से बड़ा कोई भी दान नहीं है, जो किसी के प्राण बचा सके। रक्तदान शिविर में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के शिक्षकों, चिकित्सकों, अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में रक्तदान किया। शिविर में कुल 164 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।




### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में डॉ. देवेंद्र लड्ढा, डॉ सुमन शर्मा, डॉ महेंद्र प्रसाद, डॉ. आभा सिंह, डॉ. रीतू शर्मा, डॉ. अंजु लड्ढा डॉ. प्रशांत देशमुख ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

### रक्तदाताओं का किया सम्मान

रक्तदान करने पर सभी रक्तदाताओं का सम्मान किया गया, उन्हें डोनर सर्टिफिकेट, रक्त की विभिन निशुल्क जांच और कॉफी मग उपहार स्वरूप दिए गए। कार्यक्रम का आयोजन आयुष मंत्रालय एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के रोग निदान एवं विकृति विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल अस्पताल जयपुर की टीम एवं मालाबार गोल्ड एंड डायमंड ज्वेलरी,जयपुर के सहयोग से राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के अस्पताल में किया गया।

### RU व ग्रेविटा इंडिया के बीच सहमति

## अकादमिक व संसाधनों का आदान-प्रदान का खुला मार्ग



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय व ग्रेविटा इण्डिया लिमिटेड के बीच शुक्रवार को अकामिक एवं संसाधनो के आदान-प्रदान को लेकर सहमति हुई है, इस सहमति के आधार पर दोनों संस्थान शैक्षणिक कार्यक्रमों, पाठ्यक्रमों के विकास व विधार्थियों के अनुभवों को विकसित स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से अपनी विशेषज्ञता व संसाधनों का आदान प्रदान कर सकेंगे। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा की उपस्थिति में दोनों संस्थानों के बीच हुई इस सहमति पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव अवधेश सिंह द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

इस सहमति के आधार पर दोनों संस्थान संयुक्त कार्यशालाएं व सेमिनार, जो कि प्रबंध से जुड़े छात्रों पर विशेष रूप से केन्द्रित रहेंगी, के आयोजन के साथ ही शॉर्ट टर्म प्रोजेक्ट्स/प्रोग्राम, जिनकी विषय वस्तु का निर्धारण करेंगे। इस सहमति के आधार पर दोनों संस्थान अपने संसाधनों का उपयोग छात्रों के शैक्षणिक संवर्धन के लिए भी कर सकेंगे।

**ग्रीन फील्ड स्मार्ट सिटी** | **धोलेरा में कव्वान इन्फ्रा का "एक्सप्रेस व्यू सिटी" प्रोजेक्ट...**

# निवेश को अनेक गुना बढ़ाने का एक बेहतरीन अवसर



बेधड़क | अहमदाबाद

अहमदाबाद के नजदीक भारत की पहले ग्रीनफील्ड स्मार्ट सिटी, धोलेरा में अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर, कव्वान इन्फ्रा द्वारा निर्मित आवासीय प्रोजेक्ट, "एक्सप्रेस व्यू सिटी", रिटेल निवेशकों के लिए अपने निवेश को कई गुना बढ़ाने का एक युनिक और बेहतरीन अवसर प्रदान करता है।

कव्वान इन्फ्रा, भारत के सबसे आकर्षक, उज्ज्वल और सुनहरे भविष्य के स्थल, धोलेरा स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन (SIR) में 89 स्क्वायर यार्ड से लेकर 350 स्क्वायर यार्ड (वर्ग गज) तक के सरकारी स्वीकृत आवासीय प्लॉट पेश कर रहा है। यहां निवेश की शुरुआत मात्र 6 लाख रुपए से होती है। कव्वान इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विवेक खंडेलवाल ने कहा कि, "धोलेरा SIR में हमारा "एक्सप्रेस व्यू सिटी" प्रोजेक्ट, रिटेल निवेशकों को भाग लेने और कुछ वर्षों में अपने निवेश को कई गुना बढ़ाने का अभूतपूर्व अवसर प्रदान करता है।

इस क्षेत्र में स्थित प्लाट(भूखंड) से पूंजी में भारी वृद्धि के साथ किराये से आय के अवसर भी मिलेंगे।"

EXPRESS VIEW CITY

KAVVAN INFRRA
CRAFTING DHOLERA
ISO 9001:2015 Certified Company

**कव्वान इन्फ्रा, "एक्सप्रेस व्यू सिटी" प्रोजेक्ट में रिटेल निवेशकों को सर्वोत्तम और सबसे पारदर्शी सौदों की गारंटी दे रहा है और उन्हें विकास क्रांति का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करता है। उन्हें 9512024756 नंबर पर संपर्क करें।**

> एक्सप्रेस व्यू सिटी प्रोजेक्ट के साथ, हम न केवल वित्तीय लाभ का वादा कर रहे हैं, बल्कि एक ऐसी क्रांति का हिस्सा बनने का मौका भी दे रहे हैं जो भारत को एक आर्थिक महाशक्ति में बदल रही है।
>
> **-विवेक खंडेलवाल,** एमडी, कव्वान इन्फ्रा प्रा. लिमिटेड

### प्लॉट तत्काल रजिस्ट्री के साथ क्लीयर टाइटल वाले

कव्वान इन्फ्रा द्वारा पेश किए जा रहे आवासीय प्लॉट NA, NOC और तत्काल रजिस्ट्री के साथ टाइटल क्लीयर वाले हैं, जो पारदर्शी और परेशानी मुक्त निवेश प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं। यह प्रोजेक्ट, आगामी धोलेरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन और राजमार्ग के निकट स्थित है, जो बेजोड़ कनेक्टिविटी प्रदान करती है। इस प्रोजेक्ट में क्लब हाउस, 24x7 सुरक्षा, बच्चों के खेल क्षेत्र आदि सहित कई उत्कृष्ट सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। करीब 20 एकड़ में फैला "एक्सप्रेस व्यू सिटी" प्रोजेक्ट, शहरी सुविधाओं और प्राकृतिक शांति के बीच एक आदर्श संतुलन प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसके सावधानीपूर्वक आयोजित आवासीय भूखंड, आवश्यक सुविधाओं और ग्रीन स्थानों से सुसज्जित हैं, जो निवासियों के लिए स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहन देते हैं। यह प्रोजेक्ट पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं जैसे कि, वर्षा जल संचयन, सौर ऊर्जा उपयोग और अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को एकीकृत करती है, जो हरित पर्यावरण में योगदान देती है। इसमें एक जैन मंदिर भी है।

### 3,000 वर्ग किलोमीटर में फैला है धोलेरा

3,000 वर्ग किलोमीटर में फैला धोलेरा औद्योगिक और शहरी विकास के लिए भारत की महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रतीक है। निवेश और नवीनता के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभरने के लिए तैयार, धोलेरा विश्व स्तरीय परिवहन कनेक्टिविटी, विश्वसनीय उपयोगिताओं और पर्यावरण के अनुकूल सुविधाओं सहित अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करेगा। यहां के मुख्य इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट में एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अहमदाबाद को जोड़ने वाला छह लेन का राजमार्ग, एक लॉजिस्टिक पार्क और एक मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब शामिल हैं। एमडी खंडेलवाल ने कहा कि, "एक्सप्रेस व्यू सिटी प्रोजेक्ट के साथ, हम न केवल वित्तीय लाभ का वादा कर रहे हैं, बल्कि एक ऐसी क्रांति का हिस्सा बनने का मौका भी दे रहे हैं जो भारत को एक आर्थिक महाशक्ति में बदल रही है। हम ग्राहकों को आमंत्रित करते हैं कि, वे एक्सप्रेस व्यू सिटी में आकर रहने के शानदार भविष्य का अनुभव करें।" एक्सप्रेस व्यू सिटी प्रोजेक्ट, कव्वान इन्फ्रा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो न केवल घरों का निर्माण करता है, बल्कि ऐसे समृद्ध समुदायों का निर्माण करता है, जो आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली का सार प्रस्तुत करते हैं। इसमें शामिल विशाल पार्क, खेल सुविधाएं और सामुदायिक केंद्र आदि सामाजिक और मनोरंजक स्थान, वास्तव में परस्पर संवाद, आराम और अपनेपन की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। धोलेरा दुनियाभर के प्रमुख कॉर्पोरेट्स को आकर्षित करते हुए, निवेश के एक यूनिक और बेहतरीन विकल्प के रूप में उभरा है। इसने पहले ही, टाटा समूह की 91,000 करोड़ रुपये की सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन सुविधा, रीन्यू पावर की 2 गीगावाट सौर सेल और मॉड्यूल विनिर्माण सुविधा और 5,000 मेगावाट की सौर पार्क परियोजना के साथ बड़े निवेश आकर्षित किए हैं। इन परियोजनाओं से हजारों नौकरियां पैदा होने और भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य में योगदान देने की उम्मीद है। आगामी कुछ वर्षों में, धोलेरा क्षेत्र में 20 लाख से अधिक लोगों के रहने का अनुमान है।

# बेघर परिवारों का 'अपना घर' का सपना होगा साकार



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरे कार्यकाल की शपथ लेते ही घर का सपना देख रहे लोगों के सपने को साकार करने का प्रबंध कर दिया। हाशिए पर पड़े घर से वंचित और गरीब के लिए अपना घर बड़ी सौगात है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) योजना के अंतर्गत तीन करोड़ घरों के निर्माण के लिए सरकारी सहायता को स्वीकृति दे दी गई है। यह योजना भारत सरकार का एक समाज कल्याण प्रमुख कार्यक्रम है। इसे प्रधानमंत्री ने 2015 में आरंभ किया था। इस योजना के अंतर्गत राजग के बीते दो कार्यकालों में गरीब पात्र परिवारों के लिए कुल 4 करोड़ 21 लाख घरों का निर्माण किया गया है। ये घर ऐसे लोगों को दिए जा रहे हैं, जो अपने गांव के कच्चे घरों में और नगरीय क्षेत्रों में ऐसे ही घरों में रहने को मजबूर हैं। इस योजना के तहत जिस व्यक्ति के पास अपना भूखंड है, उसे आर्थिक मदद दी जाती है। नतीजतन इस योजना के अंतर्गत उन व्यक्तियों के घर का सपना पूरा हो रहा है, जो आर्थिक बदहाली के चलते घर बनाने में सक्षम नहीं है। हालांकि इस योजना पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मोदी ने 17 जुलाई 2020 को गारंटी दी थी कि 2022 तक प्रत्येक भारतीय के सिर पर छत होगी, जो खोखली साबित हुई है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरों में बेघरों को घर देने के लिए दो नई योजनाएं चल रही हैं। नया घर बनाने के लिए 9 लाख के ऋण पर 4 फीसदी और 12 लाख रुपए तक के कर्ज पर 3 प्रतिशत ब्याज दर में छूट दी जाती है। वर्तमान ब्याज दर 9.5 फीसदी है। बीते दस सालों में पात्र गरीब परिवारों के लिए कुल 4.21 करोड़ घर बनकर तैयार हो चुके हैं। इन घरों में राज्य सरकारों की मदद से शौचालय एलपीजी गैस, बिजली और नल जैसी बुनियादी सुविधाएं भी दी जाती हैं। अब इसी कड़ी में केंद्र सरकार ने पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि से उत्पन्न आवास संबंधी जरूरतों की पूर्ति के लिए तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण एवं शहरी परिवारों को घर बनाने के लिए सहायता देने की घोषणा की है, जिससे आम आदमी का जीवन सुगम व सहस हो सके। यह देश के नागरिक के जीवन को बेहतर बनाने का उत्तम प्रयास है।

> "वैसे भी मकान केवल जरूरतमंद की जरूरत पूरी करने के लिए होना चाहिए, वरना यह स्थिति जमीन का संकट पैदा करेगी? आवासीय बस्तियों के लिए खेती की जमीन का उपयोग जहां अनाज का संकट बढ़ाता है, वहीं बेरोजगारी भी पैदा करता है। इस जमीन को बाजार भाव से खरीदकर यदि शहरी आबादी के लिए घर निर्माण करने के उपाय किए जाते हैं, तो 10-12 लाख रुपए में अपना घर खरीदना मुश्किल होगा? इस लिहाज से सरकार बेनामी संपत्ति पर नकेल कसती है तो निर्मित भवनों की कीमतों में कमी बनी रहेगी और ये घर निम्न व मध्यम आय वर्ग के लोगों की पहुंच में बने रहेंगे।"

मनुष्य के जीवन में अपने घर का होना एक निर्णायक व अहम् उपलब्धि है। इससे सामाजिक प्रतिष्ठा भी आंकी जाती है। घर पारिवारिक जीवन को बेहतर और सुकूनदायी बनाता है। इसीलिए घर का मूल्यांकन केवल चार दीवारों पर छत से नहीं, बल्कि परिवार के जीवन से आजीवन जुड़ जाने वाली सुविधा से किया जाता है। इसीलिए घर के मालिक निरंतर घर को सजाते व संवारते हैं, क्योंकि अंततः वह उनके लिए आत्म-प्रेरणा का स्रोत भी बन जाता है। इस मनोविज्ञान को ध्यान में रखते हुए ही प्रधानमंत्री ने परिवार की हर इकाई को घर दिलाने के उपाय आसान किए हैं। देश में हर परिवार के लिए अपना घर फिलहाल एक मृगतृष्णा की तरह है। देशभर में घरों की मांग और आपूर्ति का जो आंकलन किया गया है, उसका अनुमान शहरी क्षेत्रों में करीब दो करोड़ और ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 5 करोड़ घरों की जरूरत का है। इस सबके बावजूद यह शंका अपनी जगह कायम है कि घर-ऋण की योजना तभी फलीभूत होगी जब शहरी निम्न-मध्यमवर्गीय लोगों और लघु व सीमांत किसानों की आमदनी में इजाफा हो? साफ है, सरकारी क्षेत्र में संविदा पर काम करने वाले और असंगठित क्षेत्र में लगे लोगों की आय में वृद्धि हो? तभी लक्षित वर्ग कर्ज लेने व चुकाने लायक हो पाएगा, वरना सरकार सब्सिडी का अत्याधिक बोझ उठाना होगा। हालांकि ब्याज दरों में छूट देकर सरकार ने एक तरह से घर खरीदने वालों को सबसिडी की व्यवस्था कर दी है। इस योजना को लाबू करने के आरंभ में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना की घोषणा करते वक्त सरकार ने सबके लिए आवास मिशन पूरा करने के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप नमूने पर काम करने की उम्मीद जताई थी, लेकिन निजी क्षेत्र ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। शायद इसीलिए सरकार ने 12 लाख तक की रकम पर ब्याज में छूट देकर शहरों में निर्मित पड़े मकानों को खरीदने का व्यावहारिक रास्ता खोल दिया है। इस उपाय से सरकार को तत्काल भवन निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण के झंझट में भी नहीं उलझना होगा। फिलहाल घरों की कमी के जो आंकड़े सरकार के पास हैं, वे 2011 में दर्ज जनगणना के आंकड़ों से लिए गए हैं। साफ है, आबादी में वृद्धि निरंतर हो रही है, सो घरों की संख्या में भी वृद्धि होनी ही है।

हालांकि भारतीय सांख्यकीय संस्थान के शोधकर्ताओं का दावा है कि अभी भी घरों की जो कमी गिनाई जा रही है, उससे कहीं तीन गुना अधिक घरों की कमी है। स्वयंसेवी संगठन तो 25 करोड़ घरों की कमी बता रहे हैं। यह कमी तब है, जब देश में 28 करोड़ मकान मौजूद हैं। अर्थशास्त्री एक घर में औसत पांच सदस्यों का रहना मानते हैं। यदि इस औसत से अंदाजा लगाएं और देश की अधिकतम आबादी 127 करोड़ मान लें तो 28 करोड़ घरों में 140 करोड़ लोग रह सकते हैं। मसलन जनसंख्या के अनुपात में उपलब्ध घरों के हिसाब से नए घरों की जरूरत ही नहीं है, लेकिन हम सब जानते हैं कि यह हकीकत नहीं है। महानागरों में करोड़ों लोगों को छत नसीब नहीं है। लोग फुटपाथों पर रात गुजारते हैं। दरअसल ऐसा इसलिए है, क्योंकि कई लोग 3 से 5 मकानों तक के मालिक है। भ्रष्ट अधिकारियों के पास दर्जन-दर्जन भर मकानों के दस्तावेज पाए गए हैं। अतएव एक व्यक्ति द्वारा कई-कई मकान खरीदने पर पाबंदी लगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## हिमाचल, हरियाणा और दिल्ली के बीच उलझा दिल्ली का जल संकट

# सियासत के चक्र में फंसी दिल्ली की प्यास



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

> "सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पानी की बर्बादी रोकने की बाबत योजना पेश करने का निर्देश दिया है। उस स्थिति में जबकि तकरीब 40-50 साल पुरानी पाइप लाइन लीकेज और जगह-जगह फटने से हजारों गैलन पानी की बर्बादी रोजमर्रा की बात है। ऐसी हालत में आने वाले दिनों में दिल्ली वाले पानी के संकट से कैसे निजात पाएंगे, यह समझ से परे है। दिल्ली सरकार की कोशिशों से तो ऐसा लगता नहीं।"

दिल्ली का जल संकट भयावह रूप लेता जा रहा है। ऐसा लगता है कि यह दिल्ली, हिमाचल और हरियाणा के बीच उलझ कर रह गया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायाधीश प्रसन्नता बी वराले की अवकाश कालीन पीठ ने भीषण गर्मी से जूझती राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पानी की विकराल होती स्थिति के लिए दिल्ली और हिमाचल सरकार के कथित रवैये पर जमकर लाड़ लगाई। पीठ ने कहा कि हिमाचल सरकार का यह दावा कि पानी पहले ही बैराज में बह चुका है, कहां तक न्याय संगत है। शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार को टैंकर माफिया पर अंकुश लगाने में नाकाम रहने पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि उसकी वजह से ही यह विकराल स्थिति पैदा हुई है। क्यों न इस मामले पर दिल्ली पुलिस को प्राथमिक दर्ज करने को कहा जाए? पीठ ने हिमाचल सरकार के अधिवक्ता से कहा कि आप पहले से ही पानी छोड़ रहे हैं तो गलत बयानी क्यों की जा रही है। हम देख रहे हैं कि लोग पानी की समस्या से पीड़ित हैं और पानी की चोरी व उसकी बर्बादी पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। असलियत में इसमें दो राय नहीं कि भीषण गर्मी में दिल्ली पीने के पानी के संकट से जूझ रही है। वैसे तो मौसम की मार झेल रहे दिल्ली वासियों को हर साल भीषण गर्मी के दौरान पानी की भारी किल्लत से जूझना पड़ता है। रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून, पानी गए न ऊबरै, मोती मानुष चून। रहीम की कही यह पंक्ति आज दिल्ली वासियों पर बिल्कुल ठीक बैठ रही है। हकीकत में दिल्ली वाले बीते दिनों से पानी की भारी किल्लत का सामना कर रहे हैं। विडम्बना यह है कि दिल्ली सरकार और दिल्ली के उप राज्यपाल के बीच जारी रस्साकशी का खामियाजा दिल्ली वालों को भुगतना पड़ रहा है।



हालत यह है कि दिल्ली की जल मंत्री आतिशी दिल्ली के जल संकट के लिए कभी दिल्ली के उप राज्यपाल को और कभी हरियाणा सरकार को दोषी ठहरा रही हैं, वहीं उपराज्यपाल जल संकट के लिए पानी की चोरी और बर्बादी को मुख्य कारण बता रहे हैं। इस बाबत हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का कहना है कि हिमाचल दिल्ली सरकार के साथ किए गए समझौते के तहत दिल्ली को पानी देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम समझौते का पालन करते हुए किसी भी तरह की कटौती के बिना दिल्ली को पूरा पानी दे रहे हैं। जबकि सुप्रीम कोर्ट में हरियाणा सरकार द्वारा दिए गए शपथ पत्र के आंकड़ों से दिल्ली की जल मंत्री आतिशी के कथन की सत्यता प्रमाणित होती है कि दिल्ली को उसके हिस्से का पानी नहीं मिल रहा है।

वहीं दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना यह दावा कर रहे हैं हरियाणा दिल्ली को पूरा पानी दे रहा है। उनका यह भी दावा है कि दिल्ली सरकार मुनक नहर की मरम्मत नहीं करा रही है और वह टैंकरों के जरिए पानी की चोरी करवा रही है। अब सवाल यह उठता है कि जब हरियाणा द्वारा दिल्ली को पूरा पानी दिया जा रहा है तो दिल्ली पानी की किल्लत क्यों झेल रही है। दिल्ली वाले पानी के लिए क्यों तरस रहे हैं, मारामारी करने पर क्यों उतारू हैं। असलियत में यह मसला दो दलों भाजपा और आप के राजनैतिक अस्तित्व की लड़ाई में उलझा हुआ है, जिसमें दिल्ली की जनता पिसने को मजबूर है। यह सिलसिला दिल्ली में आप की सरकार के अस्तित्व में आने के साथ से ही लगातार जारी है। बीते बरस इसके जीते-जागते सबूत हैं। इसी के चलते दिल्ली के विकास कार्य भी लटके पड़े हैं। हां इतना जरूर है कि इस सबके लिए वह चाहे निगम का मसला हो, मोहल्ला क्लीनिक का मसला हो, स्कूलों का हो या फिर जनहित के कार्यों या फिर बजट या अधिकारों का हो, केन्द्र की भाजपा सरकार, दिल्ली के उपराज्यपाल और दिल्ली की आप सरकार एक दूसरे पर बीते दशक से ठीकरा फोड़ते रहे हैं। यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि दिल्ली सरकार और राज निवास किसी भी मसले पर बीते इन बरसों में एकमत नहीं रहे हैं और आप राजनिवास पर भाजपा के इशारे पर काम करने और दिल्ली सरकार के काम में जबरन अड़ंगा डालने का आरोप लगाती रही है। आप का कहना है कि उपराज्यपाल को दिल्ली वालों के प्रति जबावदेह होना चाहिए न कि भाजपा के लिए।

असली समस्या देश की राजधानी दिल्ली में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा की विरोधी पार्टी आप की सरकार का होना है। मौजूदा समस्या दिल्ली में जल संकट की है। हकीकत यह है कि दिल्ली को हरियाणा से कुल 1,050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए। एक मई से 22 मई तक हरियाणा मुनक नहर के कैरियर लाइन नहर यानी सीएलसी में 719 क्यूसेक और दिल्ली सब ब्रांच यानी डीएसबी नहर में 350 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। मतदान के दो से तीन दिन पहले इसे 91 क्यूसेक तक कम कर दिया गया। बीते चार दिनों से केवल 985 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हिमाचल अतिरिक्त पानी भी छोड़ने को तैयार है, लेकिन इसके लिए हरियाणा सरकार तैयार नहीं है और वह इसका पुरजोर विरोध कर रही है। जहां तक मुनक नहर की मरम्मत और रखरखाव का सवाल है, इसका ठीकरा दिल्ली सरकार पर फोड़ना नितांत गलत है। जबकि नहर की मरम्मत और उसके रखरखाव का जिम्मा हरियाणा सरकार के सिंचाई विभाग का है। हकीकत में मुनक नहर से पानी बवाना लाया जाता है। बवाना से पहले यदि पानी की चोरी होती है तो इसके लिए हरियाणा सरकार जिम्मेदार है, दिल्ली सरकार पर आरोप लगाना पूरी तरह गलत है, लेकिन दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा बार-बार दिल्ली सरकार के मंत्रियों के दावों को झूठ का पुलिंदा करार देते हुए कहते हैं कि दिल्ली सरकार के संरक्षण में पानी की चोरी अब भी जारी है जिसकी वजह से दिल्ली की जनता पानी का संकट झेल रही है।

सचदेवा की मानें तो मुनक नहर से काकोरी आते-आते 20 फीसदी पानी की चोरी हो रही है। इसके तो उन्होंने सबूत भी दिए हैं। इस बाबत जब उप राज्यपाल से दिल्ली की जल मंत्री और शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भेंट की, उस दौरान अपर यमुना रिवर बोर्ड के अधिकारियों ने खुलासा किया कि हरियाणा से तय सीमा से ज्यादा पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन बवाना आते-आते वह 20 फीसदी तक कम हो रहा है। वह पानी टैंकरों से चोरी कर लिया जाता है। सचदेवा के बयान पर दिल्ली की मंत्री आतिशी कहती हैं कि यदि पानी की चोरी टैंकरों के जरिए हो रही है तो पुलिस तो उनकी है। वह क्यों नहीं कार्रवाई करते और क्यों नहीं टैंकर माफिया को गिरफ्तार करवाते हैं। दूसरी तरफ राजनिवास की ओर से दिल्ली की जल मंत्री आतिशी पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया जा रहा है और दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष सचदेवा भी दिल्ली सरकार पर पैसा कमाने के लिए पानी की चोरी करवाने का आरोप लगा रहे हैं।

हकीकत यह है कि दिल्ली सरकार खुद ही पानी के ट्रीटमेंट और स्टोरेज पर पूरी तरह ध्यान नहीं दे पा रही है, जैसा कि आरोप लगाया जा रहा है। ऐसी स्थिति में दिल्ली सरकार दिल्लीवासियों की पानी की जरूरत कैसे पूरी कर पाएगी, यह समझ से परे है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# तुझ संग प्रीत लगाई अंबुआ



सुनील कुमार महला
व्यंग्यकार

सभी को पता है कि आम, फलों का राजा कहलाता है। गर्मी के मौसम में आम नहीं खाएं तो मजा नहीं। असली जीवन आनंद आम खाने में है। शायद यही वजह है कि मशहूर शायर सागर खय्यामी को तो आम की एक किस्म 'लंगड़ा' पर यहां तक कहना पड़ा कि- 'आम तेरी ये खुशनसीबी है, वरना लंगड़े पे कौन मरता है।' दशहरी हो या चौसा, तोतापुरी हो या अल्फांसो, हिमसागर हो या रसपुरी, आम का जायका ही कुछ ऐसा है कि हम आम के बारे में यह बात कह सकते हैं कि 'दिल ललचाए रहा न जाए।' खैर, भारतीय संस्कृति में आम, 'आम' नहीं बल्कि बहुत 'खास' है।

सच तो यह है कि आदमी को 'आम' से सीखना चाहिए, आम होकर भी 'खास' बनना। खास इतना कि आम पर मुहावरे तक बने हैं। मसलन, 'आम के आम और गुठलियों के दाम'(दोहरा लाभ), 'आंधी के आम (अधिक मात्रा में तथा बहुत सस्ते में मिलने वाली वस्तु), 'आम खाने कि पेड़ गिनने', 'आम होना (सामान्य रूप से प्रचलन में होना) वगैरह वगैरह। वैसे भारतीय संस्कृति में आम इतना प्रसिद्ध है कि कोई व्यक्ति यदि बिना मतलब (अनड्यू विजिट करना) कहीं पर जाता है तो अक्सर यह कहा जाता है कि 'वहां आप क्या आम लेने गए थे।' खैर जो है सो है। वैसे आम तो आम, आम की गुठलियों के लिए परिवार में बहुत लड़ाई होती है। याद आता है जब बाबूजी घर पर आम लाते थे तो गुठली वाला हिस्सा अधिक लगाव (लाड़-प्यार) वाले 'छोटे' बच्चे को खाने को मिलता था तथा औरों को आम का हिस्सा काटकर खाने को मिलता था। वैसे, आदमी को जीवन में इतना 'आम' भी नहीं बनना चाहिए कि लोग, आदमी का 'अचार' बना लें। बच्चे कभी आम के पेड़ पर पत्थर मारकर आम तोड़ते थे, लेकिन आजकल पत्थर मारकर आम तोड़ने वाला 'बचपन' तो मोबाइल में व्यस्त है। आजकल बच्चों की नजर में 'आम' नहीं मोबाइल टंगा है। भले ही बाजार में आज आम की रेहड़ियां, आम की मधुर सुंदर महक बच्चों से लेकर बूढ़ों तक के नथुनों में खलबली मचा रहीं हैं, लेकिन बच्चों को मोबाइल के गेम्स और रील्स रास आ रहे हैं। खैर, आम सबका पसंदीदा फल है, लेकिन बाजार में 'आम' के 'दाम' सुनकर सिर पर 'बाम' लगाना पड़ रहा है। वैसे बचपन में हनुमान जी ने सूर्य देव को 'आम' का मीठा फल समझकर उन्हें निगल लिया था। वो क्या है कि 'आम' चीज ही ऐसी है। भले ही हम भी 'आम' आदमी हैं, लेकिन आज हम भी 'खास' बनकर अपने खासमखास रामलुभाया जी के साथ 'आम' का 'रस' पीने बाजार जा रहे हैं। वो क्या है कि आजकल 'गुठली' के लिए तो बचपन की तरह हमें कोई पूछता नहीं है और वैसे भी बढ़ते दामों के चलते खास लोगों की पहुंच तक ही सिमट गया है आम-ए-खास। आम के बढ़े दामों को सुनकर कभी-कभी हमें लगता है- 'तुझ संग प्रीत लगाई अंबुआ, अंबुआ, अंबुआ, हो अंबुआ, हाए बेदर्दी, हाए बेदर्दी...!'

## नॉलेज कॉर्नर: चट्टानी पहाड़ी पर बना है, जो मैदानी क्षेत्र से 400 फीट की ऊंचाई पर है

# प्रदेश के सबसे बड़े किलों में से एक मेहरानगढ़

जोधपुर का किला एक चट्टानी पहाड़ी पर बना है जो आसपास के मैदान से 400 फीट ऊपर है, और ऐसा लगता है कि यह परिदृश्य को नियंत्रित करता है और उसके साथ घुलमिल जाता है। राजस्थान के सबसे बड़े किलों में से एक, इसमें कुछ बेहतरीन महल हैं और इसके संग्रहालय में भारतीय दरबारी जीवन के कई अमूल्य अवशेष संरक्षित हैं। पांच शताब्दियों से अधिक समय से मेहरानगढ़ राजपूत वंश की वरिष्ठ शाखा का मुख्यालय रहा है जिसे राठौर के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा भी जोधपुर स्थित इस मेहरानगढ़ किले की कई दिलचस्प व रोचक बातें व किस्से हैं जिसे विस्तार से आज के नॉलेज कॉर्नर में जानने हैं...

### राव जोधा ने करवाया था इसका निर्माण

मारवाड़ में शासन करने वाले बारहवें राठौर राव चूंडा (शासनकाल 1384-1428) ने मंडोर में अपनी राजधानी स्थापित की, जिसे उन्होंने दहेज के रूप में हासिल किया था। दो पीढ़ियों के बाद, राव जोधा (शासनकाल 1438-89) ने दक्षिण में छह मील दूर एक नई जगह पर एक किला बनवाना शुरू किया, जो एक अलग चट्टान पर था, जिसकी ऊंचाई अधिक थी और प्राकृतिक सुरक्षा बेहतर थी। जोधपुर, जो शहर इसके आधार पर बसा था, उसका नाम उनके नाम पर रखा गया।



किले का नाम मेहरानगढ़ रखा गया, जिसका अर्थ है 'सूर्य का किला' - यह सूर्य देवता सूर्य से कबीले के पौराणिक वंश का संदर्भ है। 500 गज से अधिक लंबी, इसकी दीवार कुछ स्थानों पर 120 फीट ऊंची है और 70 फीट मोटी है। किले की नींव के बाद की शताब्दियों में राजपूत वंशों के बीच प्रतिद्वंद्विता और अन्य बाहरी खतरों की विशेषता रही।

### मुगलों ने कर लिया था कब्जा

इस क्षेत्र पर पहले दिल्ली सल्तनत और बाद में मुगलों ने अपना प्रभुत्व स्थापित किया। जैसे-जैसे उन्होंने भारत में अपना साम्राज्य बनाया, मुगलों ने मारवाड़ और उसके पड़ोसी राजस्थान जैसे राजपूत राज्यों को अपने अधीन करने की कोशिश की, लेकिन वे उन्हें मिटाना नहीं चाहते थे। अधिकांश स्थापित भारतीय शासकों को उन्होंने सहायक गठबंधन की शर्तें पेश करना पसंद किया: उन्होंने कहा कि साम्राज्य की सेवा करो, और तुम अपनी पैतृक भूमि पर नियंत्रण बनाए रख सकते हो। 1581 और 1678 के बीच मारवाड़ में शासकों की चार पीढ़ियों ने इस चुनौती को स्वीकार किया और वफादार सहयोगी और वास्तव में साम्राज्य के सामंती सरदार बन गए। लेकिन इस चरण से पहले और बाद के दशकों में, मुगलों के साथ समझ टूट गई, जोधपुर शहर और किले पर कब्जा कर लिया।

**बहुत प्रतिष्ठा थी मेहरानगढ़ की**

*राजशाही के दौर में मेहरानगढ़ जैसा किला बहुत ताकत और प्रतिष्ठा की वस्तु हुआ करता था। इसके उपयोग, शायद, कुछ ज्यादा ही विविध थे, यह सिर्फ एक सैन्य अड्डा नहीं था, बल्कि शासकों और उनकी पत्नियों के लिए एक महल के साथ-साथ कला, संगीत और साहित्य के संरक्षण का केंद्र था।*


कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
योग, भारत के ऋषि-मुनियों द्वारा विश्व को प्रदान किया गया वह बहुमूल्य उपहार है, जो शरीर एवं मन दोनों को स्वस्थ रखता है। इसीलिए 'योग' को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाए व दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें और स्वस्थ राजस्थान के निर्माण में योगदान दें।



**अशोक गहलोत,** पूर्व, सीएम, राजस्थान
@ashokgehlot51
कॉलेज बन्द करने की सोच के बाद अब विदेश में पढ़ने वाले छात्रों को दी जाने वाली स्कॉलरशिप रोकने का कार्य दिखाता है कि भाजपा सरकार राजस्थान को सालों पीछे ले जाना चाहती है।



**राज्यवर्धन सिंह राठौड़,** मंत्री राजस्थान
@Ra_THORe
खेलेगा, खिलेगा, खूब आगे बढ़ेगा #Rajasthan परिवार।

### विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे समाजवादी पार्टी प्रमुख... कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

# हमें अपनी भाषा ठीक रखनी है, सभी का सम्मान करना सीखना है: अखिलेश

एजेंसी । लखनऊ

लोकसभा चुनाव में मिली शानदार जीत के बाद समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है।

अखिलेश ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव जीतने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि हम सबको अपनी भाषा ठीक रखनी है। वहीं सभी का सम्मान करना भी सीखना होगा। हमें जनता से जुड़े रहना है। जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है।



अखिलेश ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव ने भारत की राजनीति को बदलने का काम किया है। जनता के सामने कोई नहीं टिक सकता है। चुनाव में जनता ने भाजपा का अहंकार तोड़ा है। भाजपा नेताओं को अब नींद नहीं आती है।

अयोध्या जनपद के लोकसभा क्षेत्र फैजाबाद से सांसद अवधेश प्रसाद की जीत से जनता ने नफरत की राजनीति को खत्म कर दिया है। हमें ऐतिहासिक जीत मिली है। पर इस जीत से हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ी है। हमें अभी से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाना है।

#### लोकसभा में जीत से बढ़ी पार्टी की ताकत

सपा प्रमुख ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिली ऐतिहासिक जीत से पार्टी की ताकत बढ़ी है। एनडीए नकारात्मक-निगेटिव गठबंधन साबित हुआ जबकि पीडीए प्रगतिशील प्रोग्रेसिव गठबंधन रहा। समाजवादी पार्टी पीडीए-इंडिया गठबंधन ने संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ी। समाजवादी विचारधारा का संघर्ष बराबर जारी रहेगा। विधानसभा चुनाव में भी पीडीए इसी तरह से जीत हासिल करेगा। समाजवादी पार्टी की जीत की बधाई देने आए सैकड़ों लोगों ने अखिलेश से भेंट कर उन्हें हार्दिक बधाई दी। बैठक में पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव, पूर्व विधानसभाध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, सांसद सनातन पांडेय, विधायक शाहिद मंजूर, एमएलसी शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली समेत कई नेता मौजूद रहे।

#### भाजपा केंद्र में रहे या राज्य में, पेपर लीक तय



नीट परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को अपने बयान में कहा कि बीजेपी केंद्र में रहे या राज्य में पेपर लीक होना तय है। नीट पेपर लीक बहुत ही गंभीर विषय है। हिरासत में अपराधी कबूल रहा है कि पेपर लीक किया गया है। मगर सरकार मानने को तैयार नहीं है कि नीट परीक्षा में धांधली हुई है। तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर नीट मामले को लेकर एनडीए सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा को लेकर पूरी व्यवस्था सशंकित है। मगर एनडीए सरकार नख से शिख तक अहंकार में डूबी है। वह देश में परीक्षाओं की विश्वसनीयता की सरासर अनदेखी करते हुए पेपर लीक के सबूत सार्वजनिक होने, जांच-गिरफ्तारी और साजिशकर्ताओं द्वारा जुर्म कबूलने के बाद भी यह मानने को तैयार ही नहीं हैं कि नीट परीक्षा में कुछ धांधली भी हुई है।

### पूर्व मंत्री आनंद विस सदस्यता से अयोग्य घोषित



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद को दिल्ली विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। अध्यक्ष राम निवास गोयल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आनंद अप्रैल में आम आदमी पार्टी (आप) और दिल्ली सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा देकर बहुजन समाज पार्टी में शामिल हो गए थे। गोयल ने कहा, उन्हें नोटिस का जवाब देने के लिए 10 जून की तारीख दी गई थी, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसी नोटिस में उन्हें 11 जून को उपस्थित होने को कहा गया था, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए। उन्हें 14 जून को उपस्थित होने का एक और मौका दिया गया था, लेकिन वे नहीं आए।दिल्ली विधानसभा से उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई है।

### मनरेगा में रोजगार नहीं तो मिलेगा बेरोजगारी भत्ता

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में बिहार बेरोजगारी भत्ता नियमावली 2024 को मंजूरी दी गई। इसके तहत अगर किसी बेरोजगार युवा को मनरेगा के तहत आवेदन करने के 15 दिनों के भीतर अगर रोजगार नहीं मिलता है तो राज्य सरकार उसे भत्ता देगी। मंत्रिमंडल के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने बताया कि मनरेगा के तहत किसी भी आवेदक को 100 दिनों के रोजगार की गारंटी होगी। यदि उन्हें रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जा सकेगा तो उन्हें इसके बदले भत्ता मिलेगा। मगर इसके लिए मजदूर को रोजगार की मांग करते हुए आवेदन देना होगा। किसी आवेदक को उसके आवेदन की प्राप्ति के 15 दिनों के अंदर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो वह भत्ता पाने के पात्र होंगे।

### लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव को लेकर भाजपा को राहत

# भाजपा के प्रत्याशी का समर्थन करेंगे टीडीपी और जदयू: त्यागी

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट में भाजपा के दबदबे के बाद अब लोकसभा अध्यक्ष का पद भी भाजपा के पास रहने की संभावना प्रबल हो गई है। जनता दल (यूनाइटेड) ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए भाजपा उम्मीदवार का समर्थन करने की बात कही है। राजग के एक अहम घटक जदयू के नेता केसी त्यागी ने शुक्रवार को कहा कि टीडीपी और जेडीयू राजग के साथ है। भाजपा जिसको भी स्पीकर पद के लिए नामित करेगी, हम उसका समर्थन करेंगे। त्यागी ने विपक्ष के यह कहने पर कि भाजपा नेता को लोकसभा अध्यक्ष नहीं बनाया जाना चाहिए, कहा कि अध्यक्ष हमेशा सत्तारूढ़ दल का होता है क्योंकि गठबंधन दलों के बीच उसकी संख्या भी सबसे अधिक होती है। त्यागी की इस टिप्पणी को बड़े संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। इसे भाजपा के लिए राहत भरी खबर माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार ऐसा लगता है कि भाजपा स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार खड़ा कर सकती है। हालांकि स्पीकर के पद की टीडीपी की ओर से मांग किए जाने की भी चर्चा है। लेकिन पार्टी की ओर से इस बारे में अभी आधिकारिक स्तर पर कुछ नहीं कहा गया है।



#### प्रत्याशी को लेकर सस्पेंस बरकरार

दूसरी ओर, अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी के नाम को लेकर सस्पेंस अभी बरकरार है। भाजपा के लिए भी अपनी ही पार्टी से अध्यक्ष होना महत्वपूर्ण है, क्योंकि सदन में सरकार के संकट का सामना करने पर उसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। दलबदल की स्थिति में अध्यक्ष के पास किसी सदस्य को अयोग्य ठहराने का अधिकार भी होता है। भाजपा ने इस लोकसभा चुनाव में केवल 240 सीटें जीती हैं और सहयोगी दलों के समर्थन से 272 बहुमत की सीमा पार की हैं। एनडीए की कुल सीटें 293 हैं।

#### विपक्षी दल जदयू या टीडीपी नेता को स्पीकर बनाने के पक्ष में

दूसरी ओर कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल सत्तारूढ़ राजग के अहम सहयोगियों जेडीयू और टीडीपी पर स्पीकर के लिए अपना उम्मीदवार खड़ा करने के लिए दबाव डाल रहे हैं। इंडिया ब्लॉक में शामिल आप ने गत दिनों कहा था कि टीडीपी और जेडीयू से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि लोकसभा स्पीकर दोनों पार्टियों में से किसी एक का होना चाहिए। यह संविधान और लोकतंत्र के हित में होगा। ऐसा ही सुझाव कांग्रेस और शिवसेना (यूबीपी) ने भी दिया है।

#### उम्मीदवार अध्यक्ष के लिए 25 जून को दिया जा सकेगा लिखित नोटिस

लोकसभा 26 जून को अपने नए अध्यक्ष का चुनाव करेगी। लोकसभा की ओर से जारी बुलेटिन में कहा गया है कि अध्यक्ष के चुनाव के लिए तय तिथि से एक दिन पहले कोई भी सदस्य अध्यक्ष पद के लिए किसी अन्य सदस्य के समर्थन में प्रस्ताव के लिए महासचिव को लिखित रूप से नोटिस दे सकता है।

#### राधा मोहन सिंह हो सकते हैं प्रोटेम स्पीकर



विधान के अनुच्छेद 93 के अनुसार नई लोकसभा के पहली बार शुरू होने से ठीक पहले अध्यक्ष का पद रिक्त हो जाता है, इसलिए राष्ट्रपति सबसे पहले नवनिर्वाचित सांसदों को पद की शपथ दिलाने के लिए अस्थाई अध्यक्ष की नियुक्ति करेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री और सात बार भारतीय जनता पार्टी के सांसद राधा मोहन सिंह को सदन की कार्यवाही चलाने के लिए अस्थाई अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए जाने की संभावना है, क्योंकि वे सबसे वरिष्ठ सदस्यों में से हैं। 24 और 25 जून को प्रोटेम स्पीकर नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाएंगे। सत्र के पहले दो दिन लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी।

### पोक्सो मामले में सुनवाई

# येदियुरप्पा को राहत गिरफ्तारी पर रोक

- 17 जून को सीआईडी के सामने पेश होने का निर्देश

एजेंसी । बेंगलुरु

कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को बड़ी राहत देते हुए पोस्को मामले में उनके खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट पर फिलहाल रोक लगा दी है। इसी के साथ मामले को लेकर सीआईडी द्वारा उनकी गिरफ्तार पर भी रोक लग गई है।

कोर्ट ने अब येदियुरप्पा को 17 जून को मामले की जांच कर रही सीआईडी के सामने पेश होने का निर्देश दिया है। इससे पहले बेंगलुरु की एक अदालत ने गुरुवार को उनके खिलाफ 14 मार्च को दर्ज मामले को लेकर गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। सीआईडी की विशेष जांच टीम ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट की मांग करते हुए फास्ट ट्रैक कोर्ट का रुख किया था, क्योंकि वह बुधवार को पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुए थे। येदियुरप्पा ने हाई कोर्ट में अपील की कि इस मामले को रद्द कर देना चाहिए, क्योंकि उनके खिलाफ अपराध को साबित करने के लिए कुछ नहीं है।



#### येदियुरप्पा ने मांगा था समय

येदियुरप्पा ने जांच में शामिल होने के लिए समय मांगा था। खबरों के मुताबिक, यदियुरप्पा नई दिल्ली में किसी अज्ञात स्थान पर चले गए हैं। पुलिस के अनुसार, येदियुरप्पा पर 17 वर्षीय लड़की की मां की शिकायत के आधार पर पोस्को अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 354 A (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है। लड़की की मां ने आरोप लगाया था कि इस साल दो फरवरी को डॉलर्स कॉलोनी स्थित उनके आवास पर एक बैठक के दौरान उन्होंने उनकी बेटी से छेड़छाड़ की थी।

### RSS- भाजपा के बीच मतभेदों से इनकार

# समन्वय बैठक में शामिल होंगे BJP नेता

एजेंसी । नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने भाजपा के साथ अपने मतभेदों के दावों को सिरे से खारिज किया है। संघ का कहना है कि इस तरह के दावे सिर्फ भ्रम पैदा करने के लिए किए जा रहे हैं। संघ के सूत्रों ने यह भी बताया कि केरल के पलक्कड़ में आरएसएस, भाजपा और उनके सहयोगियों की तीन दिवसीय वार्षिक बैठक 31 अगस्त से शुरू होगी। बताया गया है कि संघ के प्रमुख समेत भाजपा के वरिष्ठ नेता इस बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक को बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि भाजपा ने पहली बार राज्य में अपना खाता खोला है और पार्टी ने चुनाव से पहले दक्षिण में अपनी स्थिति बेहतर करने के प्रयास में काफी जोर दिया था। कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि इस बैठक में बीजेपी की हार को लेकर मंथन हो सकता है। ज्ञात रहे कि केरल में आरएसएस की सबसे ज्यादा शाखाएं हैं। समन्वय बैठक को राज्य में यह संदेश भेजने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, जहां आरएसएस कार्यकर्ता अक्सर हिंसा का शिकार होते रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि इससे दक्षिण में बीजेपी को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी। संघ से जुड़े सूत्रों का कहना है कि भाजपा और आरएसएस के बीच किसी भी तरह का मनमुटाव नहीं है। बता दें कि इससे पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने टिप्पणी की थी कि सच्चा सेवक कभी अहंकारी नहीं होता। इसके बाद से विपक्ष के नेताओं और कुछ लोगों ने दावा किया था कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के खराब प्रदर्शन के संघ प्रमुख ने तल्ख संदेश दिया है। सूत्रों का कहना है कि भागवत के बयान को गलत तरीके से पेश किया गया है। संघ प्रमुख की अहंकार वाली टिप्पणी प्रधानमंत्री या किसी भी भाजपा नेता के संदर्भ में नहीं थी।



### केजरीवाल का अदालत से अनुरोध

# मेडिकल जांच के दौरान पत्नी को मौजूद रहने की अनुमति दी जाए

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को 19 जून के लिए निर्धारित कर दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुकेश कुमार ने मामले में जवाब दाखिल करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय के और समय दिए जाने के अनुरोध के बाद सुनवाई को स्थगित कर दिया। वहीं, केजरीवाल की ओर से दाखिल एक अन्य अर्जी में अनुरोध किया गया है कि उनकी मेडिकल जांच के दौरान उनकी पत्नी का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल होने की अनुमति दी जाए। वहीं एक अन्य आवेदन में कहा गया कि मेडिकल बोर्ड जब भी बैठे तो हमें अपने इनपुट देने की अनुमति दी जाए। न्यायाधीश ने संबंधित जेल अधिकारियों को मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अर्जी पर 15जून को सुनवाई होगी। ईडी ने अदालत से सुनवाई 25 जून तक स्थगित करने का अनुरोध किया। न्यायाधीश ने हालांकि कहा कि वह आरोपी की सुविधा के अनुसार अगली सुनवाई की तारीख तय करेंगे न कि जांच एजेंसी की सुविधा के हिसाब से। अरविंद केजरीवाल को कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था।




### यूपी: हार के कारणों पर मंथन में जुटी भाजपा

# लोकसभा सीटवार हो रही समीक्षा...बूथ स्तर पर रिपोर्ट होगी तैयार

एजेंसी । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी में लोकसभा चुनाव में वांछित सफलता नहीं मिलने व पार्टी का गढ़ कही जाने वाली सीटों पर मिली हार के कारणों पर पार्टी में मंथन व समीक्षा का दौर शुरू हो गया है। पार्टी को लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश से लगा है, जहां पर भाजपा और उसके सहयोगियों को 44 सीटों पर हार का मुंह देखना पड़ा है। इनमें से 39 सीटें अकेले भाजपा ने गंवाई हैं। पार्टी ने हार की समीक्षा के लिए 62 नेताओं की एक कमेटी बनाई है। ज्ञात रहे कि चुनाव नतीजों के बाद कुछ नेताओं ने भितरघात के आरोप लगाए हैं। हार के कारणों की खोज के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी एक-एक सीट पर बूथ स्तर से रिपोर्ट लेकर उसकी समीक्षा करेंगे और इस रिपोर्ट के जरिए पार्टी नेतृत्व को उत्तर प्रदेश के हालात से रूबरू कराया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व महामंत्री (संगठन) धर्मपाल ने गुरुवार को अवध क्षेत्र के सांसदों व उम्मीदवारों के साथ बैठक कर खराब प्रर्दशन के कारणों की जानकारी ली। इनकी रिपोर्ट के आधार पर भाजपा की टास्क फोर्स संबंधित लोस व विस क्षेत्रों में जाकर जांच करेगी।




#### टास्क फोर्स का गठन

ज्ञात रहे कि भाजपा प्रदेश मुख्यालय में बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री संगठन सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने बैठक करके चुनाव की गहन समीक्षा के लिए टास्क फोर्स के गठन का निर्णय लिया था। इसके बाद गुरुवार को अवध क्षेत्र के सांसदों व लोकसभा चुनाव में हारे उम्मीदवारों को पार्टी मुख्यालय बुलाया गया था। यह सिलसिला अब अन्य क्षेत्रों के लिए भी जारी रहेगा। समीक्षा बैठकों में हार हुए हुए प्रत्याशियों के अलावा संबंधित लोकसभा सीट के पार्टी के पदाधिकारी बताएंगे कि हार मिली तो क्यों मिली। इस समीक्षा के आधार पर पार्टी में जो कमियां हैं, उनको दूर करने की कोशिश की जाएगी।

#### जल्द ही होने हैं कई सीटों पर उपचुनाव

उत्तर प्रदेश में नौ ऐसे विधायक हैं, जो सांसद बने हैं और इन नौ सीटों पर उपचुनाव होना है। इन 9 सीटों पर हार ना मिले, इसलिए भी ये समीक्षा जरूरी है और इसलिए भी क्योंकि 2027 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा एक नए लक्ष्य के साथ जाने की तैयारी में जुटी है। ज्ञात रहे कि भाजपा ने इस बार लोकसभा चुनाव में सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा था और पार्टी पदाधिकारी ये मान रहे थे कि भाजपा कम से कम 70 सीटें तो जीतेगी ही, लेकिन परिणाम अपेक्षित नहीं रहा। भाजपा अकेले सिर्फ 33 सीटें जीत सकी। लोकसभा चुनाव में इस बार भाजपा को 2019 के मुकाबले 29 सीटों का नुकसान हुआ है।

#### ओबीसी व वंचित वर्ग के मतदाता छिटकने के कारणों का लगाएंगे पता

टास्क फोर्स जातीय समीकरणों की भी रिपोर्ट तैयार करेगी। इसमें किस-किस जाति के मतदाताओं ने किसे वोट दिया और कौन सी जातियों ने इस चुनाव में भाजपा से दूरी बनाई की भी रिपोर्ट भी शामिल की जाएगी। इसी रिपोर्ट के आधार पर पार्टी अपनी अगली रणनीति तय करेगी। टास्क फोर्स की रिपोर्ट के बाद पार्टी केंद्रीय नेतृत्व को अपनी रिपोर्ट भेजेगी। अब पार्टी यह पता लगाने के प्रयास में है कि लंबे समय से जुड़े ओबीसी व वंचित समाज के मतदाताओं में किस दल ने सेंधमारी की है। इसके साथ ही गैर यादव ओबीसी और गैर जाटव दलितों में से कितने प्रतिशत मतदाताओं ने दूसरे दलों को वोट डाला है। भितरघात करने वालों का भी पता लगाया जा रहा है।

## जरूरी खबर

### पाकिस्तान जाएगा सिख श्रद्धालुओं का जत्था

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने 509 भारतीय सिख तीर्थयात्रियों को वीजा जारी किए हैं। यह सभी सिख तीर्थयात्री महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि में शामिल होने पाकिस्तान जाएंगे। पाकिस्तानी उच्चायोग ने यह जानकारी दी है। महाराजा रणजीत सिंह 19वीं सदी में सिख साम्राज्य के पहले राजा थे। उन्हें शेर-ए-पंजाब के नाम से जाना जाता है। तीर्थस्थलों की यात्रा से जुड़े वीजा पाकिस्तान-भारत प्रोटोकॉल 1974 के तहत जारी किए जाते हैं। बता दें कि हर साल बड़ी संख्या में भारतीय तीर्थयात्री पाकिस्तान स्थित विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करने जाते हैं। उधर, पाकिस्तान के प्रभारी राजदूत साद अहमद वराइच ने तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दीं और हर संभव सुविधा प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### नहीं मिले शीना बोरा के गायब अवशेष: CBI



**मुंबई।** मीडिया जगत की पूर्व दिग्गज इंद्राणी मुखर्जी की पुत्री शीना बोरा के बरामद किए गए अवशेष कथित तौर पर गायब हो गए हैं। दरअसल, शीना बोरा की 14 साल पहले हत्या कर दी गई थी। शीना बोरा के अवशेष गायब होने के बारे में मुंबई की केंद्रीय जांच ब्यूरो की अदालत को जानकारी दी गई है। अभियोजन पक्ष ने गवाह डॉ. जेबा खान से पूछताछ के दौरान अदालत को यह जानकारी दी। डॉ. जेबा इस बात की पुष्टि करने वाली पहली व्यक्ति थीं कि हड्डियां और अन्य अवशेष किसी इंसान के थे।

### पांच राज्यों में 14 ठिकानों पर सीबीआई के छापे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की एसकेएस पॉवर जनरेशन की तरफ से किए गए 5717 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी मामले में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की है। वहीं सीबीआई ने देश में 14 ठिकानों पर छापेमारी की है। तलाशी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज एवं सामग्रियों मिली है, जिसे जब्त किया गया। इस मामले में सीबीआई की जांच जारी है। एफआईआर के आधार पर सीबीआई ने आरोप लगाया है कि एसकेएस इस्पात एंड पावर लिमिटेड की तरफ से प्रवर्तित कंपनी ने भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड, पीटीसी इंडिया फाइनेंस लिमिटेड और स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर से 6,170 करोड़ रुपए का ऋण लिया था, जिसके परिणामस्वरूप 5717 करोड़ रुपए का भुगतान नहीं किया।

## रज पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति




*नई दिल्ली। ओडिशा के पारम्परिक लोक राज पर्व पर शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें इससे संबंधित कई प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर राष्ट्रपति भी मौजूद थीं।*

## अरुंधति रॉय पर चलेगा केस, LG ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सामाजिक कार्यकर्ता और बुकर पुरस्कार विजेता लेखक अरुंधति रॉय व एक अन्य के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। यह अनुमति साल 2010 में राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने के मामले में दी गई है। इस बात की जानकारी शुक्रवार को राज निवास ने दी। उपराज्यपाल ने अरुंधति के अलावा कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कानून के पूर्व प्रोफेसर डॉ. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ भी मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है। इन दोनों ने 21 अक्टूबर 2010 को नई दिल्ली में 'आजादी-द ओनली वे' के बैनर तले आयोजित एक सम्मेलन में भड़काऊ भाषण दिए थे।

### गृह मंत्री अमित शाह ने की जम्मू कश्मीर की स्थिति की समीक्षा

# J&K में बड़े एक्शन की तैयारी! कल होगी हाई लेवल बैठक

एजेंसी | नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों को लेकर केंद्र सरकार बड़े एक्शन की तैयारी में है। पिछले कुछ दिनों में यहां हुई आतंकी हमले की घटनाओं के मद्देनजर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। अमित शाह ने इस दौरान घाटी के हालात की अपडेट भी ली और आतंकवाद से निपटने के उपायों पर भी चर्चा की। इससे पहले गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डोभाल और अन्य अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर की स्थिति की समीक्षा की थी। बैठक में गृह मंत्री को जम्मू-कश्मीर के हालात और वहां आतंकवादी घटनाओं के बाद उठाए गए कदमों से अवगत कराया गया। शाह ने अब 16 जून को एक उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक भी बुलाई है, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना और सीआरपीएफ के शीर्ष अधिकारियों समेत अन्य लोग शामिल होंगे। बैठक में भी घाटी की सुरक्षा और अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा के संबंध में विस्तार से चर्चा की जाएगी। ज्ञात रहे कि आतंकवादियों ने पिछले चार दिनों में रियासी, कठुआ और डोडा जिलों के चार स्थानों पर हमला किया है, जिसमें नौ तीर्थयात्रियों के अलावा एक सीआरपीएफ जवान शहीद हो गया।




### अमरनाथ यात्रा की तैयारियां शुरू

जम्मू-कश्मीर में पुलिस ने दो महीने तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा की तैयारी शुरू कर दी है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने पिछले सप्ताह सुरक्षा बलों को मौजूदा सुरक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, निगरानी रणनीति में सुधार करने और अमरनाथ यात्रा मार्ग पर कर्मियों की तैनाती बढ़ाने का निर्देश दिया था। उन्होंने अधिकारियों को किसी भी संभावित आतंकी खतरे की पहचान करने और उसे बेअसर करने के लिए यात्रा मार्गों पर तोड़फोड़ रोधी टीमों को तैनात करके संभावित जोखिमों को कम करने का भी निर्देश दिया।

### जम्मू में रात में घूमना सुरक्षित: पुलिस

जम्मू-कश्मीर के जम्मू क्षेत्र में सोशल मीडिया पर रात के समय घर से बाहर निकलना असुरक्षित वाली खबरों का पुलिस ने खंडन किया है। पुलिस की ओर से कहा गया कि यहां रात को घर से बाहर निकलने में कोई डर नहीं है और लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू में रात में घूमने के लिए घर से बाहर निकलने से बचने के संबंध में कुछ सोशल मीडिया पर फर्जी सूचना प्रसारित की जा रही है। नागरिकों को इस तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

### पूर्वी सिक्किम में बारिश से मार्ग अवरुद्ध

## 1,200 से अधिक पर्यटक फंसे, एयर लिफ्ट करने पर विचार

एजेंसी | गंगटोक

सिक्किम में भारी बारिश और भूस्खलन से मंगन जिले में रास्ते बंद होने से लाचुंग में 1,200 से अधिक घरेलू और 15 विदेशी पर्यटक फंसे हुए हैं। पिछले तीन दिनों में नौ लोगों की मौत हो गई है जबकि कई घायल हैं। घायलों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में कराया जा रहा है। पूर्वी सिक्किम के दिक्चू में सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। दक्षिण सिक्किम में लिंगी-पायॉन्ग को जोड़ने वाली मुख्य सड़क बारिश से पूरी तरह तबाह हो गई है। तीस्ता नदी लगातार खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जिससे नदी तट के आसपास रहने वाले लोगों में दहशत बढ़ गई है।

राज्य में फंसे देशी पर्यटकों में थाईलैंड के दो, नेपाल के तीन और बांग्लादेश के दस पर्यटक शामिल हैं। सभी पर्यटक सुरक्षित बताए गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने उन्हें अपने स्थानों पर ही रहने और कोई जोखिम लेने से बचने की सलाह दी है। भोजन की तत्काल कोई कमी नहीं है। सभी फंसे हुए व्यक्तियों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त आपूर्ति और राशन उपलब्ध है।



राज्य के मुख्य सचिव के कार्यालय ने मौसम अनुकूल होने पर पर्यटकों की संभावित एयरलिफ्टिंग के लिए भारत सरकार के साथ चर्चा शुरू कर दी है। वैकल्पिक रूप से, यदि आवश्यक हो, तो सड़क मार्ग से निकासी की व्यवस्था की जाएगी।

### पाकिस्तान ने सीमा पर संचार नेटवर्क भी किया मजबूत

## चीन की बनाई टनल से घाटी में घुसे आतंकी!

एजेंसी | नई दिल्ली

पाकिस्तान के आतंकी संगठनों की ओर से घाटी में लगातार की जाने वाली वारदात में चीन का बड़े स्तर पर नाम सामने आ रहा है। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों को मिली जानकारी के मुताबिक सीमा पर चीनी सेना की ओर से कई ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किए गए हैं, जो अब आतंकियों की घुसपैठ में मदद कर रहे हैं। सूचना इस बात की भी मिली है कि बीते तीन वर्षों से पाकिस्तान में ग्वादर रोड के निर्माण के दौरान सीमा पर चीन की मदद से कई टनल तैयार की गईं हैं। जिनके माध्यम से पाकिस्तान अब अपने आतंकियों को घाटी में भेजने की नापाक कोशिश करने में लगा है। खुफिया एजेंसियों से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, हाल के दिनों में घाटी में जो घटनाएं हो रही हैं, उसमें ऐसे ही इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से घुसपैठ की तैयारियां हुईं हैं।

केंद्रीय खुफिया एजेंसी को मिली जानकारी के मताबिक पाकिस्तान ने चीन की मदद से बॉर्डर पर अपने कम्युनिकेशन नेटवर्क को भी बहुत मजबूत करने के सभी इंतजाम किए हैं। इस दौरान चीनी इंजीनियरों की मदद से पाकिस्तान ने बॉर्डर पर भूमिगत फाइबर ऑप्टिक बिछाने का काम शुरू किया है। इसके अलावा इस इलाके में चीन के जेवाई और एचजीआर सीरीज के रडार पर स्थापित किए हैं। चाइना मोबाइल पाकिस्तान कम्युनिकेशन कॉरपोरेशन (सीएम-पैक) का भी गठन कर अपने नेटवर्क को एलओसी पर मजबूत करने की तैयारी की है।

### चीन की मदद से बंकरों का निर्माण

पाकिस्तान, चीन की मदद से घुसपैठ की कोशिश में लगा है। चीनी इंजीनियर और पाकिस्तान की सेना के साथ आईएसआई सीमा पर बंकर का निर्माण करवा रही है। इसके अलावा कई और सैन्य बुनियादी ढांचे भी चीन की सेना के साथ मिलकर तैयार किए जा रहे हैं। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से जुड़े सूत्रों के मताबिक पीओके की लीपा घाटी के भीतर चीनी इंजीनियर कुछ बड़े निर्माण कार्य में लगे हुए हैं। जानकारी मिली है कि इसमें कुछ बंकर तैयार किए जा रहे हैं। जबकि कुछ ऐसी सुरंगें बनाई जा रहीं हैं, जो काराकोरम नेशनल हाइवे से सीधे तौर पर जुड़ सकें।

### एक देश-एक चुनाव की तैयारी

## कैबिनेट के समक्ष पेश होगी रिपोर्ट

एजेंसी | नई दिल्ली

कानून मंत्रालय विधायी विभाग के 100 दिनों के एजेंडे के तहत एक देश, एक चुनाव पर गठित कोविंद समिति की रिपोर्ट जल्द से जल्द कैबिनेट के समक्ष रखने की योजना बना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनावों से पहले सभी केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों को अगली सरकार के लिए 100 दिवसीय एजेंडा तैयार करने का निर्देश दिया था।

एक देश, एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने 15 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें पहले कदम के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने और उसके बाद 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराने की सिफारिश की गई।



### संसाधनों की बचत होने की उम्मीद

समिति ने अपनी सिफारिशों को लागू करने पर विचार के लिए एक 'कार्यान्वयन समूह' स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा था। समिति ने कहा था कि एक साथ चुनाव कराने से संसाधनों की बचत होगी तथा विकास और सामाजिक सामंजस्य को बढ़ावा मिलेगा। इससे लोकतांत्रिक ढांचे की नींव मजबूत होगी और देश की आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी।

### INS जलाश्व पहुंचे रक्षा मंत्री... नौसेना की तैयारियों की समीक्षा, कहा

# हिंद महासागर में छोटे देशों पर दादागिरी नहीं करते सकते बलशाली

एजेंसी | नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय नौसेना लगातार सशक्त होती जा रही है। हिंद महासागर क्षेत्र में भारत किसी बलशाली देश को किसी कमजोर को नुकसान नहीं पहुंचाने देगा। भारत हिंद महासागर क्षेत्र में कभी भी 'मत्स्य न्याय' होने की अनुमति नहीं देगा।

उन्होंने कहा कि उनके दूसरे कार्यकाल में नौसेना को और सशक्त बनाने पर जोर होगा। साथ ही हिंद महासागर क्षेत्र में देश की नौसैनिक शक्ति की मौजूदगी को और प्रभावी व सशक्त बनाया जाएगा। रक्षा मंत्री ने अपने दूसरे कार्यकाल का प्रभार संभालने के बाद शुक्रवार को विशाखापत्तनम में पूर्वी नौसैनिक कमान की तैयारी की समीक्षा करते हुए आईएनएस जलाश्व का दौरा किया। उन्होंने इस दौरान कमांड के युद्धपोतों, पनडुब्बियों और विमानों के बहुआयामी ऑपरेशनों को समझा और तैयारियों की समीक्षा की। सिंह ने कहा कि हम हिंद महासागर क्षेत्र को मत्स्य न्याय का क्षेत्र नहीं बनने देंगे, जहां बड़े देश छोटों पर दादागिरी करते हैं।



उन्होंने कहा कि बढ़ते औद्योगिक बुनियादी ढांचे, हमारे शिपयार्डों के विस्तार, बढ़ते युद्धपोतों से हमारी नौसेना उभरती हुई नई शक्तिशाली सेना बन गई है। उन्होंने कहा कि वह अपने दूसरे कार्यकाल में भी इस प्रगति को रफ्तार देंगे। फिर चाहे हिमालय हो या हिंद महासागर हमारी प्राथमिकता निरंतर अपनी सीमाओं को और सुरक्षित करना है।

## भारत को जल्द मिल सकते हैं 26 राफेल एम जेट

**नई दिल्ली।** पचास हजार करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 26 राफेल मरीन जेट खरीदने के लिए भारत और फ्रांस की सरकारों के बीच बातचीत चल रही है। विमान सौदे को लेकर दोनों देशों के बीच 30 मई से वार्ता शुरू होनी थी, लेकिन लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इस वार्ता को जून के दूसरे सप्ताह तक के लिए टाल दिया गया था। रक्षा सूत्रों ने बताया कि फ्रांस का एक प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली आया हुआ। इसमें उनके आयुध महानिदेशालय के अधिकारी शामिल हैं, जो भारत के साथ चल रहे राफेल सौदे पर निगरानी रख रहे हैं। राफेल मरीन फाइटर जेट को समुद्री क्षेत्र में हवाई हमले के लिए खास तौर पर तैयार किया गया है। राफेल एम को विमान वाहक पोत पर लैंडिंग के हिसाब से डिजाइन किया गया है। इस विमान के विंग फोल्डेबल है। बता दें कि वायुसेना के मिली राफेल विमान के विंग मुड़ नहीं सकते। फिलहाल भारतीय वायु सेना के बेड़े में 36 राफेल मौजूद हैं।

### 18,000 मीटर की ऊंचाई तक भर उड़ान सकता है राफेल

फ्रांस ने पिछले साल दिसंबर में 26 राफेल मरीन जेट खरीदने के लिए भारत की निविदा पर अपना जवाब पेश किया था। भारत के स्वीकृति पत्र पर फ्रांस ने नई दिल्ली में जवाब दिया था। राफेल-एम एक मिनट में 18 हजार मीटर की ऊंचाई पर जा सकता है। ये विमान पाकिस्तान के पास मौजूद एफ-16 या चीन के पास मौजूद जे-20 से काफी हद तक बेहतर है। विमान का काम्बैट रेडियस 3700 किलोमीटर है। यह अधिकतम 24,500 किलोग्राम भार लेकर उड़ान भरने में सक्षम है। इस विमान में भी हवा में ही ईंधन भरने की क्षमता होती है।

### जेकेके में साप्ताहिक संध्या में नृत्यांगना रश्मि उप्पल ने जमाया रंग

# कथक के जरिए कलाकार ने कृष्ण भगवान से करवाया राधा का श्रृंगार

बेधड़क | जयपुर

कलाकार ने मन जब बहता है तो निर्बाध बहता है को नायिका का मन जल की भांति बहता दर्शाया तो हर कोई कला की बानगी देखकर रोमांचित था। इसमें प्रियतम के लिए त्याग भरा मन बहते हुए नायिका को उसके प्रियतम के समीप ले जाता है। जल की तरह बहते हुए ये मन नायिका को भी बहा ले जाता है। ये अनूठी कला जवाहर कला केन्द्र की संगीत संध्या में कथक की प्रस्तुति के दौरान देखने को मिली। जयपुर घराने की नृत्यांगना रश्मि उप्पल ने अलग-अलग राग पर आधारित बंदिश पर कथक कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। मधुरम के तहत साप्ताहिक संगीत का आयोजन किया गया।



**JKK में मधुरम के तहत साप्ताहिक संगीत का आयोजन**

### मनवा तोरे संग बह-बह जाए रहा खास

गणेश वंदना के साथ रश्मि ने प्रस्तुति की शुरुआत की। प्रथम पूज्य को नमन करने के बाद तीन ताल में निबद्ध राग मिश्र जोग की बंदिश 'मनवा तोरे संग बह बह जाए' पर कथक किया। श्रृंगार रस से ओत-प्रोत बंदिश पर कलाकार ने बेहतर आंगिक अभिनय और फुटवर्क का प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने तीन ताल में ठुमरी पेश की। गत, तोड़े और चक्करदार के बाद ताल दीपचंदी में निबद्ध मिश्र पीलू राग की ठुमरी के साथ प्रस्तुति आगे बढ़ी। 'प्यारी को श्रृंगार करत नंदलाल' बंदिश पर कलाकार ने कृष्ण और राधा के अनुपम प्रेम की महिमा का बखान किया। इसमें कृष्ण को राधा का श्रृंगार करते हुए दर्शाया गया।

### इन्होंने की संगत

नृत्य गुरु अदिति मंगलदास के निर्देशन में प्रस्तुति को तैयार किया गया। तबले पर मोहित गंगानी, पखावज और पढ़ंत पर आशीष गंगानी, हारमोनियम पर राजेन्द्र मेवाल, सारंगी पर अमिरुद्दीन खान ने संगत की। प्रणय भारद्वाज ने मंच संचालन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित रहे, जिन्होंने कलाकार को मोटिवेट किया।



## गुरु से सीखे सबक को साकार करेंगे नौनिहाल

बेधड़क, जयपुर। जवाहर कला केन्द्र की ओर से बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण देने के लिए 15 से 20 जून तक लगाए जा रहे जूनियर समर प्रोग्राम के समापन समारोह में संगीत से जुड़ी विधाओं के प्रशिक्षणार्थी प्रस्तुति देंगे। इनमें गायन, गिटार, वायलिन, पियानो, कथक, तबला, लोक नृत्य, कंटेंम्पररी डांस शामिल है। 18 से 20 जून तक रंगमंच के प्रशिक्षणार्थी मंचीय प्रस्तुति देंगे। थिएटर के 10 बैच बनाए गए हैं। सभी बच्चों ने प्रशिक्षकों के साथ मिलकर मंचन के लिए लघु नाटक कैंप के दौरान तैयार किए हैं। रंगायन के बाहर फोयर एरिया में फोटोग्राफी, कैलीग्राफी, आर्ट ऑफ एक्सप्रेशन, मोजेक कार्यशाला में तैयार आर्ट वर्क की प्रदर्शनी लगाई जाएंगी। वहीं 16 जून की शाम मोबाइल फिल्म मेकिंग वर्कशॉप के दौरान फिल्माई गई शॉर्ट मूवी की स्क्रीनिंग की जाएगी।

## रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टांक जोनल डायरेक्टर बने




**बेधड़क. जयपुर।** इंसान का जुनून ही हर कार्य को पूरा करता है। ऐसा ही जूनून जयपुर के विष्णु टांक के सिर चढ़कर बोला और आज वे वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर बन गए। लक्ष्य भी ऐसा कि एक बार फिर रनर्स क्लब में टांक को दूसरी बार जोनल डायरेक्टर बनाया गया है। टांक लोगों स्वास्थ के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हैं। ऐसे में जयपुर रनर्स क्लब की नई कार्यकारिणी के गठन में हेल्थ अवेयरनेस के लिए जयपुर शहर में 10 जोन बनाए गए हैं और 25 से अधिक जोनल डायरेक्टर बनाए गए हैं। टांक ने अब और ऊर्जा के साथ काम करते हुए देश भर के लोगों को दौड़ने और हेल्थ के प्रति अवेयर रखने का संकल्प लिया।

## रूरल एरिया की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास

**बेधड़क. जयपुर।** रूरल एरिया की महिलाओं को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया गया। मौका था ग्रामीण महिलाओं के लिए हुई उद्यमिता सशक्तिकरण कार्यशाला का। इस दौरान महिलाओं के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के लिए पहल की गई। प्रवीणलता संस्थान की ओर से जयपुर के आमेर और जमवारामगढ़ ब्लॉक्स के 30 गांवों की ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए ट्रेन-द-ट्रेनर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं को विशेषज्ञों ने उदयमिता के बारे में बताया।

## City इवेंट्स

### 400 से ज्यादा यूनिट ब्लड डोनेट



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स ने उत्साह से जरूरतमंदों के लिए ब्लड डोनेट करते हुए अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई। गोपालपुरा बाईपास व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन गोयल ने बताया कि विश्व रक्तदान दिवस पर होटल सफारी व सार्थक फाउंडेशन की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन होटल सफारी गोपालपुरा बाईपास पर किया गया। सफारी ग्रुप एमडी प्रमोद गोयल ने बताया कि कैंप में महिला-पुरुषों ने हिस्सा लिया। सार्थक फाउंडेशन से आशीष भारद्वाज ने बताया, कि कैंप में 400 से ज्यादा ब्लड यूनिट एकत्रित हुई। आशीष गोयल व राघव गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दीपक महेश्वरी प्रिंसिपल कंट्रोलर एमएसएस हॉस्पिटल व मेडिकल कॉलेज उपस्तिथ रहे। साथ ही विशिष्ठ अतिथि के रूप में पंकज ओझा-आरएएस, डीएसपी अनिल शर्मा, गिर्राज चौहान (अतिरिक्त अधीक्षक एसएमएस हॉस्पिटल), राधेश्याम उपाध्याय, शिव सिंह शेखावत, पूरनमल, जे डी महेश्वरी, प्रीति सक्सेना, राजेश कोठारी, हरीश मल्होत्रा, बसंत जैन, पवन जैन, राजकुमार जैनानी, केएम माथुर, पंकज सक्सेना, कुबेर दत्ता व अन्य मौजूद रहे।

### कल्कि की बुज्जी आज जयपुर में



**बेधड़क. जयपुर।** 2024 की सबसे चर्चित मूवी कल्कि की बुज्जी (विशाल कार) शनिवार को गुलाबी नगरी में होगी। कार अपने वर्ल्ड टुअर के दौरान जयपुर पहुंचेगी और हर उम्र के लोगों को आकर्षित करेगी। गौरतबल है, कि बुज्जी इस समय हर युवाओं के बीच चर्चा में है। मूवी में कार एक्टर प्रभास की बेस्टी दिखाई गई है।

### युवा और महिला संगठनों को दिया लक्ष्य

## राजस्थान जैन युवा महासभा का 15 हजार पौधे लगाने का संकल्प



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर की ओर से भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण वर्ष के दौरान वर्षाकाल में 15 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। युवा महासभा प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन व प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के नेतृत्व में बैठक की गई, जिसमें ये निर्णय लिए गए। इस दौरान सभी 5 सम्भागों व 15 जोन के पदाधिकारियों ने सहभागिता निभाई। सभी जोन को अपने अधीनस्थ युवा व महिला संगठनों से हर जोन में कम से कम 1000 पौधे लगाने व उनकी देखभाल करने का लक्ष्य दिया गया।

वहीं, 225 से अधिक दिगंबर जैन मंदिरों में, आसपास के पार्कों में, जयपुर व आसपास के तीर्थ क्षेत्रों, धर्मशालाओं आदि में जगह देखने व पौधे लगाने की रुप-रेखा बनाने के लिए पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए। प्रदेश कोषाध्यक्ष रवि प्रकाश जैन ने बताया कि जयपुर महानगर में 150 से अधिक युवा व महिला संगठन, महिला मंडल, जेएसजी संगिनी फारम आदि युवा महासभा के अधीनस्थ धार्मिक व सामाजिक सेवा की गतिविधियां कर रहे हैं।

### वियतनाम से होगा इंटरनेशनल टॉर्च कैंपेन का आगाज

## वियतनाम-भारत के संदर्भ में विश्व सिनेमा पर होगा संवाद







बेधड़क | जयपुर

जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जिफ) की ओर से आयोजित इंटरनेशनल टॉर्च कैंपेन का आगाज वियतनाम की राजधानी हनोई से होगा। विश्व सिनेमा को प्रमोट करने व विश्व सिनेमा को फिर से परिभाषित करने के मोटिव से इस दौरान वियतनाम और भारतीय सिनेमा के संदर्भ में विश्व सिनेमा पर संवाद भी होगा। वियतनाम सिनेमा एसोसिएशन और टिनकॉम मीडिया इंटरनेशनल टॉर्च कैंपेन के सहआयोजक हैं। जयपुर फिल्म मार्केट-जेएफएम, भारतीय सिनेमा फंड-आईसीएफ और जिफ ट्रस्ट की फिल्म लाइब्रेरी और अंतरर्राष्ट्रीय सिनेमा केंद्र के सहयोग से कैंपेन किया जा रहा है। टॉर्च कैंपेन की मुख्य अतिथि माई थू हुईन-निर्देशक, निर्माता, अभिनेत्री और टिनकॉम मीडिया की सीईओ होंगी। गुयेन वान टैन- वियतनाम सिनेमा एसोसिएशन उपाध्यक्ष, न्गो थी बिच हान- बीएचडी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और लुओंग दीन्ह डुंग- निर्देशक पटकथा लेखक और निर्माता विशिष्ट अतिथि होंगे। इस दौरान बुधवार दोपहर 2 बजे होटल डोल्से बाय विंडहैम हनोई गोल्डन लेक हनोई वियतनाम में ये सभी मौजूद होंगे।

**वर्ल्ड ब्लड डोनर डे** | **आरएचएल में रक्तदान जागरूकता का पोस्टर विमोचन**

# स्वैच्छिक रक्तदान में निजी से पिछड़े सरकारी ब्लड बैंक

बेधड़क | जयपुर

विश्व रक्तदाता दिवस पर स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक की ओर से राजस्थान हॉस्पिटल में अस्पताल चेयरमेंन और अन्य चिकित्सकों ने रक्तदाता जागरुकता व धन्यवाद पोस्टर विमोचन किया।

आयोजकों ने बताया, कि प्रदेश में स्वैच्छिक रक्तदान के आंकडों पर गौर करें तो सरकारी ब्लड बैंक निजी क्षेत्र की ब्लड बैंकों से कहीं पीछे हैं। आरएचएल चेयरमेंन डॉ. एस एस अग्रवाल ने कहा, कि विश्व रक्तदाता दिवस की इस साल की थीम "दान का जश्न मनाने के 20 साल:रक्तदाताओं का धन्यवाद"के साथ सेलिब्रेशन किया गया। नोबेल पुरस्कार विजेता कार्ल लैंडस्टीनर जिन्होंने एबीओ रक्त समूह प्रणाली की खोज की थी के जन्मदिन पर यह दिन मनाया जाता है। ऐसे में देखा जाए तो वर्ल्ड ब्लड डोनर डे रक्तदाताओं को आपस में जोड़ने का काम करता है।

रक्तदान करने से होने वाले फायदों के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. के. के मिश्रा, डॉ. दिनेश माथुर, डॉ. सर्वेश अग्रवाल, डॉ. बुद्धादित्य चक्रवर्ती, डॉ. अजय सिंह, डॉ. डीके जैन, डॉ. डीसी खण्डेलवाल, डॉ. विक्रम बोहरा और डॉ. एस एस सोनी मौजूद रहे।



### साल में 7 लाख 96 हजार यूनिट रक्त एकत्र

इस मौके पर जानकारी दी गई कि पिछले एक साल में प्रदेश में कुल लगभग 7 लाख 95 हजार 990 यूनिट रक्त रक्तदान से प्राप्त हुई। इसमें कुल स्वैच्छिक रक्तदान का प्रतिशत 65.83 रहा। इसका 25.40 फीसदी सरकारी ब्लड बैंकों में तथा 74.59 प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान निजी ब्लड बैंकों में हुआ। इसी प्रकार जयपुर में कुल 2 लाख 37 हजार यूनिट रक्तदान हुआ। इसमें से 13.43 प्रतिशत सरकारी क्षेत्र की ब्लड बैंकों में तथा 86.56 प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान निजी ब्लड बैंकों में हुआ है।

### 50 हजार रक्तदाताओं को दिया धन्यवाद

ब्लड बैंकों के आंकडों पर गौर करें तो प्रदेश में कुल 224 ब्लड बैंक हैं। इनमें 59 सरकारी और 165 निजी ब्लड बैंक हैं। जयपुर में कुल 46 ब्लड बैंक हैं, इनमें से 9 सरकारी तथा 37 निजी क्षेत्र में हैं, जबकि इन बैंक्स से प्रदेश में पिछले एक साल में 6 हजार 455 रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। इसके द्वारा एकत्र रक्त की करीब 10 लाख 69 हजार 175 यूनिट जरूरतमंद मरीजों को दी गईं।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शनिवार, 15 जून, 2024





जिस दिन रुकना और ठहरना आपने अपने शब्दकोश से हटा दिया, उस दिन से आप हर कुछ करने के लिए सक्षम हैं।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### इटली के अपुलिया में G7 शिखर सम्मेलन में पहुंचीं कई देशों की हस्तियां

# PM मोदी-मेलोनी ने 'नमस्ते' से किया स्वागत

**एजेंसी** | रोम

इटली में इस समय जी-7 समिट चल रही है। समिट में भाग लेने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत दुनिया के कई देशों के नेता इटली पहुंचे हुए हैं। इटली के अपुलिया में हो रहे जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में पहुंचे नेताओं का मेजबान इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने स्वागत किया। इस दौरान मेलोनी का नमस्ते करना भारतीयों का दिल जीत ले गया।

इटली की पीएम ने कई देशों के प्रतिनिधियों और सरकार के प्रमुखों का नमस्ते करते हुए स्वागत किया। समिट में पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी ने वेलकम किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अपनी इटली की यात्रा के दौरान पीएम मोदी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऊर्जा, अफ्रीका-भूमध्यसागरीय शिखर सम्मेलन भाग लिया। इसमें पोप फ्रांसिस भी शामिल हुए। जी-7 समिट में पहुंचने से पहले भारत के पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की।



## हम सभी को मिलकर हरित युग बनाना होगा: पीएम मोदी

जी7 के आउटरीच सत्र में पीएम मोदी ने कहा कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम मेधा) में राष्ट्रीय रणनीति तैयार करने वाले पहले कुछ देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में भारत का दृष्टिकोण चार सिद्धांतों उपलब्धता, पहुंच, सामर्थ्य और स्वीकार्यता पर आधारित है। प्रधानमंत्री ने कहा 'हमें मिलकर आने वाले समय को 'हरित युग' बनाने का प्रयास करना चाहिए। 2047 तक विकसित भारत का निर्माण हमारा संकल्प है। हमारी प्रतिबद्धता है कि समाज का कोई भी वर्ग पीछे न छूटे। ग्लोबल साउथ के देश वैश्विक अनिश्चितताओं और तनाव का खामियाजा भुगत रहे हैं। ग्लोबल साउथ के देशों की प्राथमिकताओं और चिंताओं को विश्व मंच पर रखना भारत की जिम्मेदारी है। हमें गर्व है कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 ने अफ्रीकी संघ को समूह का स्थायी सदस्य बनाया।



### मोदी का एआई पर जोर

भारत के एआई (कृत्रिम मेधा) मिशन की बात करते हुए पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि इस तकनीक का उद्देश्य सभी की प्रगति और भलाई को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस व्यापक उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारत अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दे रहा है।

### मोदी-मैक्रों की मुलाकात



## रक्षा-परमाणु सहित इन मुद्दों पर की चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली के अपुलिया में 50वें जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने रक्षा, परमाणु, अंतरिक्ष, शिक्षा सहित कई प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। इस दौरान पीएम मोदी और मैक्रों ने रक्षा, परमाणु, अंतरिक्ष, शिक्षा, जलवायु कार्रवाई, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, संपर्क और संस्कृति के क्षेत्रों में साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। राष्ट्रपति मैक्रों से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ हमारी एक साल में चौथी मुलाकात है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति मैक्रों को इस दौरान अगले महीने से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक की मेजबानी के लिए शुभकामनाएं भी दीं। दोनों नेताओं ने 'मेक इन इंडिया' पर ज्यादा ध्यान देने के साथ ही रणनीतिक रक्षा सहयोग को और बढ़ाने पर सहमति जताई।



### जेलेंस्की से मिले पीएम मोदी

## रूस से युद्ध के बीच 'बातचीत और कूटनीति' की अहमियत बताई

पिछले दो सालों से भी ज्यादा समय से चल रहे यूक्रेन-रूस युद्ध के बीच पीएम मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। मोदी-जेलेंस्की की यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है क्योंकि जी-7 सम्मेलन के एजेंडे में यूक्रेन और मध्य पूर्व में चल रही जंग का मुद्दा शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बैठक के दौरान कहा कि भारत 'मानव केंद्रित' दृष्टिकोण में विश्वास करता है। उन्होंने कहा कि शांति का रास्ता 'बातचीत और कूटनीति' से होकर जाता है। पीएम मोदी ने यूक्रेनी राष्ट्रपति के साथ हुई बैठक को सकारात्मक बताया और कहा कि भारत यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक है।

### पदभार संभालने के बाद पीएम मोदी की है पहली विदेश यात्रा

लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद पीएम मोदी ने तीसरी बार देश की बागडोर संभाली है। तीसरी बार पदभार संभालने के बाद पीएम मोदी की यह पहली विदेश यात्रा है। इससे पहले पीएम मोदी और मैक्रों की मुलाकात जनवरी में हुई थी। उस समय फ्रांस के राष्ट्रपति भारत के 75वें गणतंत्र दिवस में भाग लेने नई दिल्ली आए हुए थे।

## स्विट्जरलैंड विस्फोट में दो की मौत, 11 घायल

**एजेंसी** | बर्लिन

उत्तरी स्विट्जरलैंड के एक अपार्टमेंट में शुक्रवार को जोरदार धमाका हुआ, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। धमाका अपार्टमेंट की भूमिगत पार्किंग में बने गैराज में हुआ। धमाका इतना तेज था कि दो लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। स्विट्जरलैंड के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह धमाका उत्तर-पश्चिम ज्यूरिख में ओबरसिगेनथल के छोटे से शहर के नुसबाउमेन इलाके में हुआ। धमाके के बाद अपार्टमेंट से धुएं का गुबार उठा, जो काफी दूर से देखा गया। विस्फोट इतना जोरदार था कि इसकी आवाज शहर के बाहर भी सुनी गई। साथ ही पुलिस ने बताया कि आग अपार्टमेंट की कई मंजिलों तक फैल गई थी, लेकिन समय रहते ही इमारत को खाली करवा लिया गया।

### DNA टेस्ट के जरिए की गई शवों की पहचान

# कुवैत से 45 भारतीयों के शव लाए गए कोच्चि

**एजेंसी** | मंगाफ

कोच्चि एयरपोर्ट पर शुक्रवार सुबह मौत सा सन्नाटा पसरा रहा। कुवैत के मंगाफ से जैसे ही 45 भारतीयों के शव लेकर वायुसेना का विशेष विमान लैंड हुआ, हर आंख नम हो गई।

मरने वालों के परिजन सुबह से ही एयपोर्ट पर मौजूद रहे। भारतीय वायुसेना के सी-130 जे परिवहन विमान से 31 भारतीयों के पार्थिव शरीर को कोच्चि में उतारा गया। यहां से शवों को उनके गृह नगर के लिए रवाना कर दिया गया। कुवैत अग्निकांड में मारे गए 31 मृतकों में से केरल के 23, तमिलनाडु के 7 और कर्नाटक का एक व्यक्ति शामिल है।



### मरने वालों में केरल के सबसे ज्यादा

मंगाफ शहर में बुधवार को एक छह मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई थी, जिसमें 48 लोग मारे गए थे। 176 भारतीय श्रमिकों में से 45 की मौत हुई थी और 33 अस्पताल में भर्ती हैं। मृतकों में केरल के 23, तमिलनाडु के सात, उत्तर प्रदेश के तीन, ओडिशा के दो और बिहार, पंजाब, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, झारखंड और हरियाणा के एक-एक व्यक्ति शामिल है।

### दुर्लभ खगोलीय घटना

# ब्रह्मांड में नजर आने वाला है नया तारा

**एजेंसी** | वाशिंगटन

हम आसमान में तारों को रोज देखते हैं, लेकिन क्या कभी किसी तारे को बनते देखा है। शायद नहीं, क्योंकि यह ऐसी घटना है जो सदी में एक बार ही होती हैं। कई बार तो पूरी उम्र बिताकर भी लोग इसे नहीं देख पाते। नासा ने खगोलविदों के लिए एक खुशखबरी साझा की है, जिसके अनुसार एक नए तारे के बनने की प्रक्रिया चल रही है जो अब से सितंबर के बीच कभी भी आसमान में दिखाई देगा। नए खगोलविदों के लिए यह एक दुर्लभ मौका है, जब वे किसी तारे को बनता खुद देख सकते हैं और अपना खुद का डेटा इकठ्ठा कर सकते हैं। नोवा के रूप में जानी जाने वाली यह घटना मिल्की वे के कोरोना बोरेलिस यानी उत्तरी क्राउन तारामंडल में घटित होगी जो बूट्स और हरक्यूलिस तारामंडल के बीच स्थित है। 1946 के बाद पहली बार होगा जब धरतीवासी किसी तारे को बनता आंखों से देख सकेंगे।



**क्या है नोवा?:** जब किसी तारे की भयंकर विस्फोट के साथ मौत होती है तो इसे सुपरनोवा कहा जाता है। वहीं, नोवा एक खत्म हो चुके तारे में अचानक और संक्षिप्त विस्फोट को नोवा कहा जाता है, जिसे बौने तारे के रूप में जाना जाता है। बौना तारा हमेशा बना रहता है और एक दोहराव वाले चक्र में सामग्री छोड़ता है, जो हजारों वर्षो तक तक जारी रह सकता है। मैरीलैंड के ग्रीनबेल्ट में नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंडर में नोवा घटनाओं की एक्सपर्ट डॉ. रेबेका हाउंसेल ने कहा कि आम तौर पर हम जीवन काल में बार-बार विस्फोट नहीं देखते हैं और शायद ही कभी हमारे अपने सिस्टम के पास विस्फोट होता है। ऐसे में वर्तमान विस्फोट अविश्वसनीय रूप से रोमांचक है।

### दो तारे कर रहे नोवा का निर्माण

नोवा विस्फोट टी कोरोना बोरेलिस में हो रहा है, जिसमें एक मृत बौना तारा और एक विशालकाय बूढ़ा लाल तारा शामिल है। लाल तारे उस प्रक्रिया के दौरान बनते हैं जब तारे परमाणु संलयन के लिए हाइड्रोजन की अपनी आपूर्ति समाप्त कर देते हैं और मरने लगते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार 5 या 6 अरब वर्षों में हमारा सूर्य भी एक विशालकाय बूढ़े तारे में तब्दील हो जाएगी। इसके बाद इसमें एक भयानक विस्फोट होगा जो सौर मंडल के ग्रहों को खत्म कर देगा। हालांकि, पृथ्वी का क्या होगा इस बारे में नासा के वैज्ञानिक अभी स्पष्ट नहीं है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl